संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -282 रविवार, 13 अगस्त 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# दिल्ली सर्विस बिल बन गया कानून

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी मंजूरी




**नई दिल्ली,12 अगस्त 2023 (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दिल्ली सर्विस बिल को मंजूरी दे दी। बिल की मंजूरी मिलते ही दिल्ली सेवा बिल कानून बन गया। अब राष्ट्रीय राजधानी में प्रमोशन, ट्रांसफर का अधिकार उपराज्यपाल के पास पहुंच गया है। यह कानून राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर अध्यादेश की जगह लेगा।

सरकार ने नोटिफिकेशन में कहा, इस अधिनियम को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, 2023 कहा जाएगा। इसे 19 मई, 2023 से लागू माना जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 (जिसे इसके बाद मूल अधिनियम के रूप में संदर्भित किया गया है) की धारा 2 में खंड (ई) में कुछ प्रावधान शामिल किए गए। 'उपराज्यपाल' का अर्थ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए संविधान के अनुच्छेद 239 के तहत नियुक्त प्रशासक और राष्ट्रपति द्वारा उपराज्यपाल के रूप में नामित किया गया है।

हाल ही में खत्म हुए मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों में बिल को मंजूरी मिल गई है। संसद में बिल पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा गया था। लोकसभा में बिल पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि संसद को कानून बनाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि विधेयक देश के भले के लिए लाए जाते हैं।अमित शाह ने कहा था कि जो सत्ता में है उसका मकसद सेवा करना है ही नहीं। 2015 के बाद से दिल्ली में यहीं स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का मकसद झगड़ा बढ़ाना है। इससे पहले कांग्रेस और भाजपा में कोई झगड़ा नहीं हुआ। शाह ने कहा कि दिल्ली ना पूर्ण राज्य है और ना ही संघ शासित प्रदेश। समस्या ट्रांसफर पोस्टिंग करने का अधिकार हासिल करना नहीं, बल्कि अपने बंगले बनाने जैसे भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए सतर्कता विभाग पर कब्जा करना है।




## हॉस्टल में भेदभाव के खिलाफ 33 छात्राएं पहुंचीं केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि ,12 अगस्त 2023 (ए)।** एर्नाकुलम के मार अथानासियस कॉलेज की 33 छात्राओं ने संस्थान में महिला छात्रावास में भेदभाव के खिलाफ केरल उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

छात्राएं इस बात से परेशान हैं कि जहां उनके लिए हॉस्टल में प्रवेश का समय शाम 6.30 बजे है, वहीं लड़कों के लिए हॉस्टल में प्रवेश का समय रात 9 बजे है।इस भेदभाव से परेशान छात्राओं ने 2019 के केरल सरकार के आदेश की ओर इशारा करते हुए कानूनी प्रणाली का रुख किया है, जिसमें कहा गया है कि राज्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेज छात्रावासों में छात्राओं के प्रवेश का समय रात 9.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।अदालत ने मामले की सुनवाई 18 अगस्त को तय की है।

# अब देश के दुश्मनों की खैर नहीं!

» भारत ने श्रीनगर में तैनात किया अपग्रेडेड मिग-29 लड़ाकू जेट स्क्वाड्रन



**श्रीनगर ,12 अगस्त 2023 (ए)।** भारत ने पाकिस्तानी और चीनी दोनों मोर्चों से खतरों से निपटने के लिए श्रीनगर एयरपोर्ट पर उन्नत मिग-29 लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन तैनात किया है। ट्राइडेंट्स स्क्वाड्रन जिसे 'उत्तर के रक्षक' के रूप में भी जाना जाता है, ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर मिग -21 स्क्वाड्रन की जगह ले ली है जो पारंपरिक रूप से पाकिस्तान से खतरे की देखभाल के लिए जिम्मेदार थे।

भारतीय वायु सेना के पायलट स्क्वाड्रन लीडर विपुल शर्मा ने बताया, श्रीनगर कश्मीर घाटी के मध्य में स्थित है और इसकी ऊंचाई मैदानी इलाकों से अधिक है। ऐसे में अधिक वजन-से-जोर अनुपात और सीमा के निकट होने के कारण कम प्रतिक्रिया समय वाला विमान यहां रखना रणनीतिक रूप से बेहतर है। ये बेहतर एवियोनिक्स और लंबी दूरी की मिसाइलों से लैस है। मिग-29 इन सभी मानदंडों पर खरा उतरता है जिसके कारण हम दोनों मोर्चों पर दुश्मनों से लोहा लेने में सक्षम हैं। मिग-21 की तुलना में मिग 29 के कई फायदे हैं जो कई साल तक कश्मीर घाटी में अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र की सफलतापूर्वक रक्षा करने में सक्षम थे और 2019 में बालाकोट हवाई हमलों के बाद पाकिस्तानी आतंकवादी शिविरों पर एफ-16 को मार गिराने में भी कामयाब रहे।

अपग्रेड के बाद मिग-29 को बहुत लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों से भी लैस किया गया है और सशस्त्र बलों को सरकार की ओर से दी गई आपातकालीन खरीद शक्तियों का उपयोग करते हुए इसे घातक हथियारों से भी लैस किया गया है। अधिकारियों ने कहा, लड़ाकू विमानों को संघर्ष के समय दुश्मन के विमानों की क्षमताओं को जाम करने की क्षमता भी प्रदान की गई है।

## विधायक के बेटे पर अपहरण सहित,बंदूक की नोक पर सुपारी लेकर धमकाने का आरोप

» विधायक का बेटा फरार; कारोबारी के अपहरण का मामला

» पुलिस ने तीन दोस्त मनोज मिश्रा, पुनित सिंह और चंदन सिंह को गिरफ्तार कर लिया



**मुंबई,12 अगस्त 2023 (ए)।** म्यूजिक कंपनी के सीईओ राजकुमार सिंह को कथित तौर पर बंदूक की नोक पर सुपारी लेकर धमकाने और अपहरण करने वाले शिंदे गुट के विधायक प्रकाश सुर्वे के बेटे राज सुर्वे के तीन साथियों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। हालांकि, राज अभी भी फरार है और अपराध में शामिल उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

वनराई पुलिस ने राज के तीन सहयोगियों मनोज मिश्रा, पुनित सिंह और चंदन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। इस मामले का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया।

इसमें राज और उसके 10 से 15 साथी नजर आ रहे हैं। सिंह की शिकायत के बाद, वनराई पुलिस ने 9 अगस्त को मामला दर्ज किया और हवाई अड्डे से भागने की कोशिश करने से पहले तीनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। वनराई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रामपियारे राजभर ने कहा कि इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, पुलिस अभी आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।

सिंह गोरेगांव में 'ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन' नाम की कंपनी के मालिक हैं। इसके जरिए वे लोन मुहैया कराने का काम करते हैं। कंपनी ने 2021 में मिश्रा की म्यूजिक कंपनी 'आदिशक्ति' को 5 साल के कॉन्ट्रैक्ट और 3 साल के लॉक-इन पीरियड के साथ 8 करोड़ रुपये का लोन दिया। कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक सिंह को 5 साल में 11 करोड़ मिलने थे। हालाँकि, मिश्रा ने चैनल के लिए सामग्री बनाने के बजाय पैसे का इस्तेमाल किया और कंपनी का मुनाफा कम हो गया और उन्होंने अनुबंध रद्द करने के लिए भी दबाव डाला। मिश्रा ने अधिक पैसे की मांग करना शुरू कर दिया और 9 अगस्त को प्रकाश सुर्वे के कार्यालय में एक फोन कॉल द्वारा सिंह को धमकी दी गई।

## कर्नाटक ने उचित मात्रा में कावेरी जल छोड़ने से इंकार किया

» सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं : तमिलनाडु मंत्री




**चेन्नई ,12 अगस्त 2023 (ए)।** नई दिल्ली में आयोजित कावेरी जल नियामक समिति (सी डब्ल्यू आरसी) की बैठक में कावेरी का उचित हिस्सा जारी करने पर चर्चा के बाद तमिलनाडु को नदी का पानी नहीं दिये जाने से नाराज तमिलनाडु के प्रतिनिधिमंडल ने वाकआउट कर दिया। इसके बाद तमिलनाडु सरकार ने कहा कि पानी की कमी के कारण सूख रही खड़ी फसलों को बचाने के लिए उसके पास सुप्रीम कोर्ट में जाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा।

तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुर्गन ने यहां एक बयान में कहा कि बैठक में तमिलनाडु सरकार के आग्रह के बाद सर्वसम्मति से कर्नाटक द्वारा 15 दिनों के लिए प्रति दिन 15,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया। लेकिन सीडब्ल्यूआरसी की बैठक में तीन घंटे की चर्चा के बाद और राज्य द्वारा अपनी मांग पर जोर देने के बावजूद, कर्नाटक ने हमेशा की तरह अपना रुख बदल दिया और कहा कि केवल 8,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा और वह भी 22 अगस्त तक। यह देखते हुए कि कर्नाटक के सभी चार जलाशयों में 114.571 टीएमसीएफटी की कुल क्षमता के मुकाबले 93.535 टीएमसी फीट पानी का पर्याप्त भंडारण है, उन्होंने कहा कि कर्नाटक में पानी छोड़ने का कोई इरादा नहीं है और दोनों राज्यों के बीच चल रहे इस मामले से जुड़े सभी लोग पहले से ही अच्छी तरह से जानते हैं।



## पुलवामा में सीआरपीएफ जवान की गोली लगने से मौत

**श्रीनगर ,12 अगस्त 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि पुलवामा जिले के चेरसू गांव में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के गोदाम के पास गोलियों की आवाज सुनने के बाद सीआरपीएफ का एक जवान खून से लथपथ पाया गया।

गोली लगने से जवान की मौके पर ही मौत हो गई थी। जवान की पहचान 112 बटालियन के कांस्टेबल अजय कुमार के रूप में की गई है। चिकित्सा-कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जांच की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

मौत का कारण आत्महत्या प्रतीत होता है, लेकिन अधिकारियों ने कहा, मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि जांच कार्यवाही पूरी होने के बाद ही की जा सकती है।

## यूपी विधानसभा में सदस्यों के लिए नई नियमावली लागू

» अब मोबाइल,झंडे ले जाने पर प्रतिबंध

**लखनऊ,12 अगस्त 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 अब उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली, 2023 के नाम से जानी जाएगी. उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस बात की घोषणा की है. इस नियमावली के तहत सदस्यों के विधानसभा में अब मोबाइल ले जाने, झंडे, प्रतीक या कोई वस्तु प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध रहेगा.

आपको बता दें कि नियमावली के नए नियमों में सदस्यों के आचरण के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किये गये हैं और सदन के कामकाज के संचालन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है.



### सदन के अंदर किसी भी दस्तावेज़ को फाड़ने की अनुमति नहीं

नए नियमों के अनुसार, सदस्य सभा में झंडे, प्रतीक या कोई वस्तु प्रदर्शित नहीं करेंगे. सदस्यों को नए नियमों के अनुसार, सदन के अंदर किसी भी दस्तावेज़ को फाड़ने की अनुमति नहीं है.

### महिला सदस्यों को बोलने में मिलेगी वरीयता

इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि सभा में कोई सदस्य धूम्रपान नहीं करेगा और अगर धूम्रपान करते पाया गया तो निर्धारित अर्थदंड से दोगुना उसे देना होगा. सभा में शस्त्र प्रदर्शित करने या ले जाने पर भी प्रतिबंध रहेगा. महिला सदस्यों को बोलने में वरीयता मिलेगी.

सदस्यों के लिए यह भी तय किया गया है कि वे अध्यक्ष पीठ की तरफ पीठ करके नहीं बैठेंगे और न खड़े होंगे. अध्यक्ष पीठ तक सदस्य नहीं जाएंगे और अगर कोई जरूरी कार्य हुआ तो पीठासीन अधिकारी के जरिये पर्ची भेज सकेंगे.

नई नियमावली सदन की स्वीकृति के बाद आज से होगी लागू

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा, हम सब इस बात के साक्षी होंगे कि 65 वर्ष बाद नई नियमावली सदन की स्वीकृति के पश्चात आज से लागू हो जाएगी.इसके पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सुरेश्वर सिंह ने सदन में संशोधित नियमावली को मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया.

## जयाप्रदा को 6 माह की सजा

**मुंबई ,12 अगस्त 2023 (ए)।** हिंदी सिनेमा जगत की दिग्गज अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा को चेन्नई की एक कोर्ट ने 6 महीने की सजा और 5 हजार का जुर्माना भी लगाया है।



जया प्रदा के खिलाफ ये मामला चेन्नई के रोयापेट्टा स्थित उनके ही एक थिएटर से जुड़ा है। इस थिएटर के कर्मचारियों ने जया प्रदा के खिलाफ याचिका दायर की गई थी। इस मामले में जया प्रदा के साथ उनके बिजनेस पार्टनर राम कुमार और राजा बाबू भी दोषी पाया गए हैं। जया प्रदा और उनके बिजनेस पार्टनर्स के पास कुछ साल पहले चेन्नई के रोयापेट्टा में एक मूवी थिएटर हुआ करता था। लेकिन नुकसान के कारण उन्होंने सिनेमा हॉल तभी बंद कर दिया था। जिससे कर्मचारियों को भी नुकसान हुआ और उन्होंने जया प्रदा और उनके बिजनेस पार्टनर्स के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की थी। रिपोर्ट के मुताबिक जया के इस थिएटर की देखभाल उनके बिजनेस पार्टनर राम कुमार और राजा बाबू करते थे। थिएटर बंद होने पर मैनेजमेंट ने अपने कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम का लाभ नहीं दे पाए थे। जिसके बाद कर्मचारियों ने कोर्ट में याचिका दायर की थी।

# जो भी हेट स्पीच दे उस पर तुरंत एफआईआर करो

» उसके धर्म की परवाह मत करोः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली ,12 अगस्त 2023 (ए)।** हेट स्पीच को लेकर देश की शीर्ष अदालत ने आज एक बार फिर केंद्र सरकार को स्पष्ट रूप से कहा कि वह एक कमेटी बनाए जो देशभर में हेट स्पीच के मामलों की निगरानी करे क्योंकि ऐसे नहीं चलेगा। पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला ने इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को निर्देश देने गुजारिश की थी कि वह केंद्र को हेट स्पीच के मामलों में सख्ती बरतने का निर्देश दे। इस याचिका के मुताबिक हेट स्पीच में समुदाय विशेष के लोगों की हत्या से लेकर उनके आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार की बातें हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हेट स्पीच के मामलों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तत्काल एक्शन लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण देता है तो सरकारें बिना किसी शिकायत के एफआईआर दर्ज करें। हेट स्पीच से जुड़े मामलों में केस दर्ज करने में देरी होने पर इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 12 मई को होगी। कोर्ट ने कहा- ऐसे मामलों में कार्रवाई करते हुए बयान देने वाले के धर्म की परवाह नहीं करनी चाहिए। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष देश की अवधारणा को जिंदा रखा जा सकता है।

## सड़क हादसे के बाद भागने वालों पर कसेगा शिकंजा

» अब हिट एंड रन केस में होगी इतने साल की सजा!



**नई दिल्ली ,12 अगस्त 2023 (ए)।** देश भर में हिट एंड रन के मामले अकसर सामने आते रहते हैं। ज्यादातर मामलों में तो आरोपी वाहन चालक ट्रेस भी नहीं हो पाते, लेकिन अब सड़क हादसे से बाद मौके से भागने वालों पर शिकंजा कसने जा रहा है। दरअसल, केंद्र सरकार ने भारतीय कानूनों में बदलाव का प्रस्ताव पेश किया है।

इसके तहत अब सड़क हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार होकर भी बच नहीं पाएंगे। नए प्रावधानों के अनुसार वाहन चालक को हादसे की सूचना पुलिस को देनी ही होगी। अगर आप हादसे की सूचना पुलिस को नहीं देते हैं और बाद में पकड़े जाते हैं तो आपको कम से कम दस साल कैद हो सकती है।आपराधिक कानून में बदलाव को लेकर प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अगर किसी की लापरवाही से किसी शख्स की मौत हो जाती है तो ऐसे में आरोपी के लिए छूटना आसान नहीं होगा। आरोपी को न्यूनतम सात साल कैद और जुर्माना भी देने का प्रावधान है। इसकी अवधि दस वर्ष तक हो सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

CMYK

## संपादकीय

# संसद में मंत्रियों के बिगड़े बोल

भारतीय जनता पार्टी हाल के दिनों तक अपने को बाकी पार्टियों से अलग बताती रहती थी और आज में भी मजाक में सोशल मीडिया में उसे संस्कारी पार्टी कहा जाता है। लेकिन उस पार्टी के मंत्री जब संसद के अंदर अजीबोगरीब बयान देते हैं तो हैरानी होती है। उससे ज्यादा हैरानी यह होती है कि न तो पार्टी की तरफ से कुछ कहा जाता है और न राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कुछ कहा जाता है, जिसके बारे में माना जाता है कि उसका भाजपा के ऊपर कम से कम नैतिक नियंत्रण है। संसद के मानसून सत्र में कम से कम दो मंत्रियों ने ऐसे बयान दिए हैं, जो विपक्ष का अपमान करने वाले हैं और संसद की गरिमा गिराने वाले हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू करनेवाले भाजपा के सांसद द्वारा 'बेटे को सेट करने और दामाद को भेंट करने वाले' बयान को छोड़ दें तब भी मीनाक्षी लेखी और नारायण राणे के बयान का कोई जस्टिफिकेशन नहीं है।

विदेश राज्य मंत्री और दिल्ली की सांसद मीनाक्षी लेखी ने दिल्ली के सेवा बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर हमला किया और उनको चुप कराते हुए कहा कि तुम्हारे यहां ईडी न आ जाए। उन्होंने एक तरह से खुली धमकी दी कि चुप हो जाओ नहीं तो ईडी तुम्हारे घर आ जाएगी। यह ईडी जैसी संस्था के लिए अपमानजनक है और इससे यह साबित होता है कि सरकार ईडी को कंट्रोल कर रही है। लेखी के इस बयान के बाद सरकार या भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसी तरह शिव सेना से निकल कर कांग्रेस के रास्ते होते हुए भाजपा में गए केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता अरविंद सावंत पर हमला करते हुए कहा कि तुम्हारी औकात क्या है, तुम्हारी औकात बता देंगे। सोचें, भाजपा के सांसद और मंत्री सदन से बाहर तो कुछ भी अनाप-शनाप बोलते ही रहते हैं, अब संसद के अंदर भी इस किस्म की बयानबाजी हो रही है।

# शिक्षा-व्यवस्था:योग्यता का गोरखधंधा

भारतीय समाज विभिन्नताओं से भरा है, और विभिन्नताओं में एकता का होना ही हिन्दुस्तान है। हम सब सैकड़ों वर्ष विदेशी ताकतों के अधीन रहे। इसके कारणों पर गौर किया जाए तो पता चलता है कि हम गुलाम क्यूं बने। क्या कारण था कि भारत का विशाल हिन्दू समाज भारी संख्या में होने पर भी मुट्ठी भर लोगों से हार गया।

भारत के बौद्ध मत की शक्ति ने जहां अपने विचार से दुनिया के तमाम देशों में अपने अनुयायियों को खड़ा किया वहीं भारत कैसे थोड़े से लोगों का गुलाम हो गया। इसके पीछे के कारणों को हमारे तमाम महापुरुषों ने बताया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार कहते हैं, 'हिन्दू समाज में सहोदर भाव की कमी के कारण ही हमें अधीनता का काल देखना पड़ा'। वीर सावरकर से लेकर महादेव गोविंद रानाडे अथवा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब अंबेडकर ने भी यही माना। यही कारण था कि बाबा साहेब ने आजीवन समाज के असमान माने जाने वाले सभी वर्गों को समाज की मुख्यधारा में 'समान अधिकार-परस्पर सम्मान' दिलाने के लिए संघर्ष किया। सम्मान केवल बोलने से नहीं आने वाला है। मैं अक्सर कहता हूं कि सामाजिक समरसता मात्र बोलने की चीज नहीं, बल्कि उसे आचरण में लाने की आवश्यकता है।

प्रायः लोगों द्वारा कहा जाता है कि हम समरस हैं। हम तो दलितों के यहां भोजन कर लेते हैं, उनके साथ घूमते-फिरते हैं। लेकिन जैसे ही आरक्षित वर्ग का हमारा कोई मित्र कोई पद पा लेता है, तो हम तुरंत यह भी बोल देते हैं कि वो तो आरक्षण था न इसलिए मिल गया, तुम्हारे लोगों की तो मेरिट ही कम जाती है। इस पर मुझे पिछले दिनों के एक लेख का स्मरण हो जाता है, जिसे डॉ. अदिति पासवान ने लिखा। इंडियन एक्सप्रेस में छपे इस लेख 'कोटा किड' में उन्होंने बखूबी दलित समस्या को उभारा है। यह लेख उन तमाम लोगों पर तमाचा है, जो कहते हैं कि हम समरस हैं पर असल में जाति उनके भीतर है। मुझे याद है कि मेरे एक घनिष्ठ मित्र अक्सर मुझसे कहते थे कि 'रामविलास पासवान किसी दलित डॉक्टर से क्यूं नहीं इलाज कराता। हमेशा सामान्य वर्ग के डाक्टर को ही क्यों ढूंढ़ता है'। अब पासवान ऐसे करते थे अथवा नहीं, यह तो हम नहीं जानते पर यह विमर्श जरूर समाज में पैदा किया जाता रहा है। मेरे तमाम उदाहरण देने का मकसद था कि हमारे सभी मनीषियों ने भारत को समरस बनाने के लिए अथक प्रयास किए। उन्हीं प्रयासों का परिणाम था 'प्रतिनिधित्व का अधिकार' यानी कि आरक्षण। समरस समाज को बनाने के लिए छत्रपति साहू जी महाराज ने 1902 में आरक्षण का प्रावधान अपने राज्य के तमाम पिछड़े एवं दलित वर्ग के लिए किया था। आजादी की लड़ाई में ही 1932 में पूना पैक्ट के माध्यम से तमाम अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को आरक्षण दिया गया। यह आरक्षण सर्वप्रथम दलितों को दिया गया-यह मिथ वर्षो से लोगों के मन में है। पहली बार 1852 में अंग्रेजों ने गैर-अंग्रेजों यानी पढ़े-लिखे भारतीयों को आरक्षण दिया। आरक्षण का अभिप्राय भी प्रतिनिधित्व से ही है। जैसे पढ़े-लिखे भारतीयों ने अंग्रेजों



से इसकी मांग की थी।

उसी तरह बाबा साहेब अंबेडकर ने अनुसूचित जाति के लिए प्रतिनिधित्व की मांग की। यह प्रतिनिधित्व धीरे-धीरे महिला, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग और हाल में आर्थिक रूप से पिछड़े समाज के लिए भी किया गया है। अब आरक्षण तो लागू हो गया लेकिन उसे जमीन पर लाने की जिम्मेदारी जिन कंधों पर थी, वह सभी जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त, गैर-समता में विास करने वाले थे। यही कारण है कि आज भी चतुर्थ श्रेणी को छोड़ कहीं पर भी आरक्षित वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। क्या उपयुक्त पद के लिए आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट नहीं मिलते अथवा मानसिक बीमारी के कारण इस वर्ग का समावेशन नहीं किया जा रहा है।

हाल के वर्षो में देश भर के केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में आरक्षित वर्ग की सीटों को नहीं भरा गया। हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय में तो अधिकतर पदों पर यह लिख दिया गया कि 'हमें आरक्षित वर्ग में कोई भी उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिला (एनएफएस-नॉट फाउंड सुटेबल')। दिल्ली विश्वविद्यालय में कॉमर्स विभाग अथवा अन्य कई विभागों में-कोई भी उपयुक्त नहीं-लिख कर आरक्षित वर्ग को कमतर बताने का प्रयास किया गया है। लखनऊ विविद्यालय, इलाहाबाद तथा जेएनयू सभी में यही हाल है। अभी गुरु घासीदास यूनिर्वसटि ने भी अधिकतर सीटों पर एनएफएस लगा दिया है। इस एनएफएस को लेकर आरक्षित वर्ग में काफी रोष है। प्रो. हंसराज सुमन एवं जेएनयू के प्रो. राजेश पासवान कहते हैं कि 'अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को एनएफएस किया जाना, कुछ लोगों की जातिवादी मानसिकता का परिचायक है। ये लोग अपने विवेक का इस्तेमाल बेईमानी के लिए करते हैं। यह समस्या एक दिन विकराल रूप न बन जाए, मुझे इसकी चिंता जरूर है'।

पिछले दिनों लोक सभा में एक प्रश्न के जवाब में शिक्षा मंत्रालय ने जवाब में कहा कि कुल केंद्रीय विश्वविद्यालयों में केवल एक में ही अनुसूचित जाति का उप-कुलपति है। वहीं जनजाति में भी एक है, अन्य पिछड़ा में 5 हैं। अगर रजिस्ट्रार देखें तो अनुसूचित जाति के 2 हैं, वहीं जनजाति के भी 2 ही हैं, वहीं अन्य पिछड़े समाज के तीन हैं। इन केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर अनुसूचित जाति की तय सीटों की मात्र 7 प्रतिशत ही भरी गई हैं, वहीं जनजातियों एवं पिछड़े समाज की क्रमशः 2 एवं 4.5 प्रतिशत हैं।

अमूमन यही स्थिति एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर में भी है। देखें तो भारत में कुल आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा आरक्षित वर्ग से आता है लेकिन इसी वर्ग की हालत कोई खास अच्छी नहीं दिखती। जिस तरह से प्रतिष्ठित संस्थानों में जाति के आधार पर योग्य और अयोग्य होने का खेल खेला जाता है, वही सब कुछ गांवों में भी दलित जातियों के साथ बदस्तूर है। हाल में राजस्थान और मध्य प्रदेश की घटनाओं को हम आसानी से समझ सकते हैं। बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा संविधान में दिए गए अधिकारों के लिए जब देश के एक बड़े समाज को लड़ना पड़ेगा तो ऐसे में भारत कैसे मजबूत राष्ट्र बनेगा। सबका साथ सबका विकास के साथ सबका विास होना भी जरूरी है। देश में हिस्सेदारी के सवाल पर देश के बड़े वर्ग के भीतर निस्संदेह कुछ बेचैनी और असंतोष है, जिसका समाधान सरकार के पास ही है।

-डॉ. प्रवेश कुमार-

## चुंबक

वो खींच लेता है अपनी ओर
जैसे खींचता है लोहे को चुम्बक
और हम चिपक जाते हैं लोहे के जैसा,
फिर खूब लुटाते हैं
कीमती धातु और पैसा,
वो चुम्बक है आस्था का, अदृश्य का,
नजर न आने वाले दृश्य का,
और मान लेते हैं किसी का भी कहा
नजरें फिरा ढूंढते रहते हैं
छान मारते हैं स्थलदृश्य का,
लगे रहते हैं छोड़कर
तर्क-वितर्क, ज्ञान-विज्ञान और प्रश्न,
नहीं हो पाता दीदार किसी सदृश्य का,
एक झूठी आस लिए फिरते हैं
जो नैराश्य में जाने तो नहीं देती,
और कुछ हाथ आने भी नहीं देती,
बस गाये जा रहे होते हैं
अनजाने-अनदेखे के गीत
छोड़कर किया जा सकने वाला कर्म,
हम बेबस,गरीब और सताये हुए
नहीं समझ पाते औरों का स्वार्थी मर्म।



राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़
छत्तीसगढ़

# बदलेंगे अंग्रेजों के जमाने के कानून

आपराधिक न्याय प्रणाली ब्रिटिश औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति है, जिसे राष्ट पर शासन करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था, न कि नागरिकों की सेवा करने के लिए। आपराधिक न्याय प्रणाली का उद्देश्य निर्दोषों के अधिकारों की रक्षा करना और दोषियों को दंडित करना था, लेकिन आजकल यह प्रणाली आम लोगों के उत्पीड़न का एक साधन बन गई है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, न्यायिक प्रणाली में, विशेषकर जिला और अधीनस्थ अदालतों में लगभग 3.5 करोड़ मामले लंबित हैं, जो इस कहावत को चरितार्थ करता है कि ÷न्याय में देरी, न्याय न मिलने के समान है।÷ भारत में दुनिया के सबसे अधिक संख्या में विचाराधीन कैदी हैं। भ्रष्टाचार, भारी काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही त्वरित और पारदर्शी न्याय देने में बड़ी बाधा है।

11 अगस्त 2023 को ब्रिटिश काल के 164 साल पुराने कानूनों को बदलने के लिए तीन नए विधेयक संसद में पेश किए गए। प्रतिस्थापित किए जाने वाले तीन कानून हैं - भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। पेश किए जा रहे तीन नए विधेयक हैं भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक। ÷जिन कानूनों को निरस्त किया जाएगा... उन कानूनों का फोकस ब्रिटिश प्रशासन की रक्षा करना और उन्हें मजबूत करना था, विचार दंडित करना था न कि न्याय देना। उन्हें प्रतिस्थापित करके, नए तीन कानून लोगों के अधिकारों की रक्षा करने की भावना लाएंगे।÷

इसका उद्देश्य सज़ा देने के बजाय न्याय प्रदान करना है। ये ÷आतंकवाद, मॉब-लिंचिंग और महिलाओं के खिलाफ अपराध÷ जैसे मुद्दों को संबोधित करेंगे। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली, जिसने 1860 से 2023 तक ब्रिटिश-निर्मित कानूनों का पालन किया है, महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है क्योंकि तीन कानूनों को बदलने की योजना है। यह बदलाव देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा। भारतीय संहिता सुरक्षा विधेयक की धारा 150 राजद्रोह की वैकल्पिक सजा को 3 से 7 साल तक बढ़ाने के लिए भारत के विधि आयोग की सिफारिश पर विचार करती है। आयोग ने देश की सुरक्षा और एकता को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए 153 साल पुराने राजद्रोह कानून को बरकरार रखने का सुझाव दिया है। आईपीसी की धारा 124ए (देशद्रोह कानून) को भी संशोधित कर आयोग राजद्रोह कानून को बदलने का प्रस्ताव करता है, जो वर्तमान में आजीवन कारावास या 3 साल तक की सजा की अनुमति देता है, वैकल्पिक रूप से 7 साल की सजा। इससे अदालतें गंभीरता के आधार पर दंड तय कर सकेंगी।

मॉब लिंचिंग पर एक नए प्रावधान से, सात साल की कैद या आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान; वीडियो ट्रायल, एफआईआर की ई-फाइलिंग के माध्यम से त्वरित न्याय को सक्षम करना; राजद्रोह की परिभाषा का विस्तार; भ्रष्टाचार, आतंकवाद और संगठित अपराध को दंडात्मक कानूनों के तहत लाना; सजा के नए रूपों के रूप में सामुदायिक सेवा और एकांत कारावास की शुरुआत करना; किसी अभियुक्त की अनुपस्थिति में सुनवाई करना; और ÷कपटपूर्ण तरीकों÷ का उपयोग करके यौन संबंधों से संबंधित महिलाओं के खिलाफ अपराध के दायरे का विस्तार करना - नए विधेयक आपराधिक न्यायशास्त्र में महत्वपूर्ण बदलाव प्रदान करते हैं।

भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 44 भीड़ के हमलों जैसे घातक हमलों के खिलाफ आत्मरक्षा की अनुमति देती है। धारा 31 कहती है कि नेक इरादे से संचार के माध्यम से अनजाने में नुकसान पहुंचाना अपराध नहीं है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत यदि आरोपी मुकदमे के दौरान अधिकतम सजा की आधी सजा काट लेता है तो उसे जमानत मिल जाती है। कुछ अपराधों का लक्ष्य लिंग-तटस्थ होना है। भारतीय न्याय संहिता में आतंकवाद और संगठित अपराध से संबंधित अपराध भी शामिल हैं। इन विधेयकों के आने से देश की न्यायिक व्यवस्था में काफी सुधार आएगा।

आपराधिक न्याय प्रणाली ब्रिटिश औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति है, जिसे राष्ट पर शासन करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था, न कि नागरिकों की सेवा करने के लिए। आपराधिक न्याय प्रणाली का उद्देश्य निर्दोषों के अधिकारों की रक्षा करना और दोषियों को दंडित करना था, लेकिन आजकल यह प्रणाली आम लोगों के उत्पीड़न का एक साधन बन गई है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, न्यायिक प्रणाली में, विशेषकर जिला और अधीनस्थ अदालतों में लगभग 3.5 करोड़ मामले लंबित हैं, जो इस कहावत को चरितार्थ करता है कि ÷न्याय में देरी, न्याय न मिलने के समान है।÷ भारत में दुनिया के सबसे अधिक संख्या में विचाराधीन कैदी हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)-प्रिज़न स्टैटिस्टिक्स इंडिया के अनुसार, हमारी कुल जेल आबादी का 67.2त्न विचाराधीन कैदी हैं। भ्रष्टाचार, भारी काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही त्वरित और पारदर्शी न्याय देने में बड़ी बाधा है। माधव मेनन समिति ने 2007 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली (सीजेएसआई) में सुधारों पर विभिन्न सिफारिशें सुझाई गईं। मलिमथ समिति की रिपोर्ट ने 2003 में सीजेएसआई को अपनी रिपोर्ट सौंपी। समिति की राय थी कि मौजूदा प्रणाली ÷अभियुक्तों के पक्ष में है और अपराध के पीड़ितों को न्याय दिलाने पर पर्याप्त ध्यान केंद्रित नहीं करती है।÷ इसने सीजेएसआई में की जाने वाली विभिन्न सिफारिशें प्रदान कीं, जिन्हें लागू नहीं किया गया। सुधार की रूपरेखा क्या होनी चाहिए? अपराध पीड़ितों के अधिकारों की पहचान करने के लिए कानूनों में सुधार करते समय उत्पीड़न के कारणों पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए- पीड़ित और गवाह सुरक्षा योजनाओं की शुरूआत, पीड़ित प्रभाव बयानों का उपयोग, आपराधिक मुकदमों में पीड़ित की भागीदारी में वृद्धि, मुआवजे और क्षतिपूर्ति तक पीड़ितों की पहुंच में वृद्धि। अपराधों के मौजूदा वर्गीकरण को आपराधिक न्यायशास्त्र के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए, जिनमें पिछले चार दशकों में काफी बदलाव आया है। उदाहरण के लिए- दंड की डिग्री निर्दिष्ट करने के लिए आपराधिक दायित्व को बेहतर ढंग से वर्गीकृत किया जा सकता है।

नए प्रकार के दंड जैसे सामुदायिक सेवा आदेश, पुनर्स्थापन आदेश और पुनर्स्थापनात्मक और सुधारात्मक न्याय के अन्य पहलुओं को भी इसके दायरे में लाया जा सकता है। अपराधों का वर्गीकरण भविष्य में अपराधों के प्रबंधन के लिए अनुकूल तरीके से किया जाना चाहिए। आईपीसी के कई चैप्टर कई जगहों पर ओवरलोडेड है। लोक सेवकों के खिलाफ अपराध, प्राधिकरण की अवमानना, सार्वजनिक शांति और अतिचार के अध्यायों को फिर से परिभाषित और संकुचित किया जा सकता है। किसी कार्य को अपराध घोषित करने से पहले पर्याप्त बहस के बाद मार्गदर्शक सिद्धांतों को विकसित करने की आवश्यकता है।

असैद्धांतिक अपराधीकरण से न केवल अवैज्ञानिक आधार पर नए अपराधों का सृजन होता है, बल्कि आपराधिक न्याय प्रणाली में मनमानी भी होती है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा

# भारत अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे झटके पे झटका

**» भारत ने ड्रैगन पर लैपटॉप टेबलेट तो अमेरिका ने डेवलपिंग कंट्री स्टेटस व निवेश पर प्रतिबंध लगाया**

**» वैश्विक प्रतिबंधों का ज़बरदस्त प्रहार - ड्रैगन की दरबार में हाहाकार -**

भारत में 18 मई 1984 को रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म शराबी का गीतकार अनजान द्वारा लिखा गया गीत, जहां चार यार मिल जाए वही रात हो गुलजार, महफिल रंगीन सजे, दौर चले धूम मचे,मस्त मस्त नजर देखें नए चमत्कार जहां चार यार, इस 40 साल पहले लिखे गए गीत का संज्ञान अगर हम आज उन चार यारों भारत अमेरिका ऑस्ट्रेलिया फ्रांस जापान सहित सभी समान विचारधारा वाले देशों को दोस्तों के रूप में लें तो, नजर देखें नए चमत्कार के साथ जहां वैश्विक मानव कल्याण के लिए विकास गाथाओं के नए-नए आयाम मिलजुल कर लिखे जा रहे हैं, शिक्षा स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अनेक क्षेत्रों में एक दूसरे को साथ दे रहे हैं तो वहीं, आतंकवाद वित्तपोषण विस्तारवादी सोच वाले देशों पर वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार कर उन्हें अकेला सकेला करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। जहां एक ओर भारत विस्तारवादी देश पर कई समय पहले से डिजिटल स्ट्राइक कर सैकड़ों चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाया है वहीं फिर अभी 1 नवंबर 2023 से लैपटॉप टेबलेट जैसे कई वस्तुओं के आयात पर बैन लगा दिया है, तो वहीं अमेरिका ने जून 2023 में विस्तारवादी देश ड्रैगन को डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का दर्ज़ा छीना है और अब 9 अगस्त 2023 को अमेरिकी वेंचर कैपिटल और प्राइवेट एक्टिविटीज फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंध करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं जो करीब करीब 2 वर्षो के गहन विचार विमर्श के बाद हस्ताक्षर हुए हैं। ठीक उसी तरह यूरोपियन संघ के देश यूक्रेन-रूस युद्ध में एक पक्ष के समर्थन में चीन के होने से ईयू संगठन उनके खिलाफ हो गए हैं और अपने-अपने स्तरपर अनेक प्रतिबंध या तो लगाए गए हैं या फिर लगाने की योजनाएं चल रही है जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि अभी पिछले हफ्ते में चीन पर वैश्विक प्रतिबंधों में भारत और अमेरिका द्वारा प्रतिबंध की कड़ी में डेवलपमेंट किया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत-अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे हैं झटके पे झटका! वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार -ड्रैगन की दरबार में हाहाकार।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा 9 अगस्त 2023 को चीन पर लगाए निवेश प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका के राष्टपति ने चीन में अमेरिकी निवेश पर सीमा लगा दी है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए नेक्स्ट जेनरेशन मिलिट्री और सर्विलांस




टेक्नोलॉजी को विकसित करने की क्षमता को प्रतिबंधित करने के प्रयासों के बीच उन्होंने ये कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को उन्होंने ये आदेश जारी किया है,जो कुछ चीनी सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फर्मों में अमेरिकी निवेश को रेगुलेट करेगा। यानें अमेरिकी वेंचर केपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंधित कर देगा। करीब दो वर्ष के विचार-विमर्श के बाद इस आदेश पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिकी अखबार का कहना है कि बीजिंग अपने निवेश का इस्तेमाल अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने में कर सकता है। अमेरिका के इस निर्णय से चीन के साथ दूरी थोड़ी और बढ़ जाएगी। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, सेमिकंडक्टर और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने के चीनी प्रयासों में नए आदेश के बाद से वेंचर कैपिटल और निजी इक्विटी फर्म अपना पैसा निवेश नहीं कर सकती। सरकार का कहना है कि यह फैसला राष्टहित में लिए गए हैं। राष्ट की सुरक्षा के लिए आवश्यक था। हालांकि, अमेरिका के फैसले को चीन अपने विकास में व्यवधान भी मान सकता है। अमेरिका ट्रेजरी विभाग का कहना है कि सरकार का फैसला अमेरिका को सुरक्षित रखने और अगली पीढ़ी के लिए महत्तवपूर्ण है। सरकार अमेरिका की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

साथियों अगर हम प्रतिबंध की सीमाएं देखें तो , ये आदेश (जो अगले वर्ष तक प्रभावी नहीं होगा) पूर्वव्यापी नहीं होगा और इसमें बायोटेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे इससे अप्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ सार्वजनिक ट्रेड सिक्योरिटीज, इंडेक्स फंड और अन्य एसेट्स में भी छूट मिल सकती है। अटलांटिक काउंसिल की वरिष्ठ फेलो और इंडियाना यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल ट्रेड की एसोसिएट प्रोफेसर ने इस फैसले को व्यावसायिक समुदाय के लिए अच्छी खबर बताया है।इक्विटी को टारगेटवेंचर-कैपिटल फर्मों और टेक इंडस्ट्री ने आदेश के दायरे को कम करने के लिए बाइडेन प्रशासन की पैरवी की थी, क्योंकि निवेशकों को डर था कि व्हाइट हाउस अमेरिकी निवेश पर व्यापक सीमाएं लगाएगा, वहीं यूरोपीय संघ समेत मित्र राष्ट्रों ने भी विरोध करते हुए कहा था कि गंभीर प्रतिबंध उनकी इकोनॉमीज को नुकसान पहुंचा सकते हैं। बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि ये आदेश उनको टारगेट करता है जो मर्जर, प्राइवेट इक्विटी और प्राइवेट कैपिटल के साथ-साथ जॉइंट वेंचर्स और फाइनेंसिंग अरेंजमेंट के जरिये प्रतिबंधित चीनी कंपनियों में इक्विटी इंटरेस्ट हासिल करना चाहते हैं। इसके चीनी स्टार्टअप और बड़ी कंपनियों तक सीमित रहने की उम्मीद है जो अपने रेवेन्यू का 50 फ़ीसदी से अधिक प्रतिबंधित सेक्टर्स से प्राप्त करते हैं।

साथियों बात अगर हम अमेरिका-चीन संबंधों में दूरी बढ़ने की करें तोकहा जा रहा है कि बाइडेन का ये फैसला अमेरिका और चीन के बीच दूरियां बढ़ाने वाले कदमों में से एक है। व्हाइट हाउस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अमेरिका पहले से ही चीन को कुछ संवेदनशील टेक्नोलॉजी के निर्यात को सीमित करता है, और ये आदेश अमेरिकी निवेश को इन टेक्नोलॉजी के स्वदेशीकरण में तेजी लाने में मदद करने से रोक देगा। इस आदेश में इसे चीन, हांगकांग और मकाऊ के रूप में परिभाषित किया गया है।अमेरिका के फैसले को चीन ने निराशाजनक बताया है।

साथियों बात अगर हम भारत द्वारा 1 नवंबर 2023 से लागू लैपटॉप टेबलेट आयात पर प्रतिबंधों की करें तो, भारत सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है, गुरुवार को सरकार की ओर से एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। विदेश व्यापार महानिदेशक की अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी आयातों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे किसी भी आयात के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होगी अपवाद के रूप में प्रति खेप केवल एक ऐसे उत्पाद के आयात के लिए छूट दी जाएगी। सरकार के इस कदम से एपल, डेल और सैमसंग जैसी कंपनियों को झटका लगेगा और उन्हें भारत में अपना विनिर्माण बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। भारत में मौजूदा नियम कंपनियों को स्वतंत्र रूप से लैपटॉप आयात करने की अनुमति देते हैं, लेकिन नया नियम इन उत्पादों के लिए एक विशेष लाइसेंस को अनिवार्य करेगा जैसा की 2020 में देश में टीवी के शिपमेंट के निर्यात पर लगाया गया था। सरकार के इस कदम से देश में विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा।इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग निकाय एमएआईटी के पूर्व महानिदेशक अली अख्तर जाफरी के अनुसार सरकार का यह कदम झटका नहीं बल्कि देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद है। जानकारों ने कहा, इस कदम का मकसद भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देना है। उनके अनुसार इस कदम से डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसे कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को फायदा होने की उम्मीद है। कंपनी के शेयरों में सरकार के इस फैसले के बाद 7 फीसदी से अधिक की तेजी दिखी।सरकार के फैसले का एक कारण डेटा चोरी से बढ़ी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करना भी, सूत्रसरकार से जुड़े एक सूत्र के अनुसार स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के अलावा इस कदम का उद्देश्य चीन से आपूर्ति को रोकना है, क्योंकि उसे ऐसे उत्पादों के जरिए हो रही डेटा चोरी से सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं। एक सूत्र के अनुसार प्रतिबंध से भारत को केवल विश्वसनीय भागीदारों से ऐसे हार्डवेयर आयात करने में मदद मिलेगी। भारत की ओर से प्रतिबंधित उत्पादों में से आधे चीन से आते हैं, जिसके साथ दिल्ली के संबंधों में 2020 में सीमा संघर्ष के बाद से खटास आ गई है। उसके बाद भारत ने ड्रैगन (चीन) से निवेश और व्यापार को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ाईभारत सरकार ने आईटी हार्डवेयर विनिर्माण में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए कंपनियों के लिए दो अरब डॉलर के प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ा दी है जिसमें लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर जैसे उत्पाद शामिल हैं। यह योजना वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में एक पावरहाउस बनने की भारत की महत्वाकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है। भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 2026 तक 300 अरब डॉलर के वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य रखा है। सरकार ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल फोन जैसे उत्पादों पर पहले भी उच्च कर लगाने जैसे कदम उठाए हैं।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा चीन पर डेवलपिंग कंट्री स्टेटस पर प्रतिबंध लगाने की करें तो, अमेरिकी संसद ने चीन को इकोनॉमिक फ्रंट पर तगड़ा झटका दिया है। हाल ही में यूएस सीनेट ने एक नए कानून को मंज़ूरी दी। इसके मुताबिक चीन को अब अमेरिका किसी भी सूरत में विकासशील देश (डेवलपिंग कंट्री) का दर्जा नहीं देगा अमेरिका के इस कदम का चीन की इकोनॉमी पर जबरदस्त असर पड़ेगा। वर्ल्ड बैंक और दूसरे फाइनेंशियलइंस्टीट्यूशंस से उसे अब आसानी से और कम ब्याज पर लोन नहीं मिल सकेगा। चीन डेवलपिंग कंट्री स्टेटस की वजह से खुद तो आसान और सस्ता कर्ज लेता था, लेकिन गरीब देशों को कठोर शर्तों पर लोन देकर उन्हें कर्ज के जाल में फंसा लेता था।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे झटके पे झटका ! भारत ने ड्रैगन पर लैपटॉप टेबलेट तो अमेरिका ने डेवलपिंग कंट्री स्टेटस व निवेश पर प्रतिबंध लगाया।वैश्विक प्रतिबंधों का ज़बरदस्त प्रहार - ड्रैगन की दरबार में हाहाकार।



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

## यही संकेत है

प्रत्येक के लिएइस दुनिया में
एक संकेत है वह संकेत
अगर नहीं जो कुछ भी
ऐसा नहीं हो सकता इतना क्यों?
आप भी एक हैं
बस पहचान के साथ आप थे...
इस दुनिया में वह संकेत
यदि आप नहीं जानते...
सिर्फ आपके लिए नहीं,
बल्कि दूसरों के लिए भी
इस दुनिया को
अपनी पहचान बताएं
अनजाने में...फिर इस दुनिया में
क्या जीने का कोई मतलब नहीं है?
यह सही है...आप क्या हैं?
क्या आप पहचान के साथ हैं?
वह मैंने नहीं पूछा
क्या आपका ज़मीर सुनता है?
पहले खुद को पहचानो...



ओत्तेरी सेल्वा कुमार
चेन्नई,
तमिलनाडु

## प्रकृति हम सबकी माता

प्रकृति हम सबकी माता है
तुझसे ही अटूट-नाता है।
तू ही सब के प्राण-दाता है
तू ही तो भाग्य-विधाता है।
मानव के लिए तू वरदान है
तेरी महिमा बड़ी महान है।
तू धन-सम्पदा की खान है
तुझसे ही सारा-जहान है।
तेरी गोद बड़ी निराली है
जहाँ छाई बड़ी हरियाली है।
जिसमें फुल-फलों की डाली है
तू ही वसुंधरा तू ही माली है।
तुझसे ही धूप-हवा-पानी है
तुझसे मिट्टी-अगन-हरियाली है।
तुझसे ही बादल काली-काली है
तेरी महिमा बहुत निराली है।
तुझसे ही तो बरखा-बहार है
तू ही जड़-चेतन का आधार है।
तुझसे ही सजी सारा-संसार है
तुझसे ही धरती का श्रृंगार है।
आओ प्रकृति का सम्मान करें
हम सब इसका गुणगान करें।
हम सब इसकी देखभाल करें
हम इसकी सुरक्षा का ध्यान करें।



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

## विधवा महिला इलाज कराने गई थी नासिक, इधर घर में हो गई चोरी

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

किडनी बीमारी से पीड़त विधवा महिला इलाज कराने नासिक गई थी। इधर चोरों ने घर के पीछे का दरवाजा तोडक़र एक स्कूटी व अलमारी में रखे 20 हजार रुपए चोरी कर ले गए। मामले की रिपोर्ट पीड़िता की बेटी ने गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सोनारानी पति स्व. ओमप्रकाश बोरकर गांधीनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर की रहने वाली है। वह घर में अकेली रहती है और किडनी बीमारी से पीड़ित है। वह इलाज कराने 19 जुलाई को नासिक गई थी। 9 अगस्त को पड़ोसी प्रकाश मंडल ने सोनारानी की बेटी कंचन पाल जो रामानुगंज में रहती है उसे फोन कर जानकारी दिया कि आपकी मां के घर का पीछे का दरवाजे का कुडी टूटा है। बेटी आकर देखी तो घर में रखे स्कूटी क्रामंक सीजी 15 डीवाई 9253 व अलमारी में रखे 20 हजार रुपए नहीं थे। कंचन पाल ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खेलने के दौरान बच्ची कर ली कीटनाशक का सेवन, मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

खेल-खेल में एक मासूम बच्ची कीटनाशक सेवन कर ली। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करम साय बरगाह जशपुर जिले के पंडरापाठ की रहने वाला है। वह पत्नी व बच्चों के साथ अंबिकापुर महामाया मंदिर के पास किराए में रहकर काम करता है। शुक्रवार की शाम को इसकी 4 वर्षीय बेटी आराध्या उल्टी करने लगी और अचेत हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता का कहना है कि संभवतः खेल-खेल में बच्ची कीटनाशक सेवन कर ली होगी।

## सर्पदंश से ग्रामीण की मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

खेत में हल चलाने के मेड़ पर खरे युवक को सांप ने दंश लिया। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भजन राम पिता मोहर साय उम्र 50 वर्ष बरियों का रहने वाला था। वह 12 अगस्त की सुबह अपने चाचा रामचरण के खेत में हल चला रहा था। हल चलाने के बाद वह खेत के मेड़ पर खड़ा था तभी सांप ने उसे दंश लिया। वह दौडक़र घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे इलाज के लिए बरियों अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# लाभार्थी सम्मेलन में प्रदेश सरकार पर भाजपाइयों ने बोला हमला

## मोदी सरकार एवं पूर्व रमन सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया






-संवाददाता-
सूरजपुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

सूरजपुर शहर मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 3 व 4 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 7 से 12 के सभी पोलिंग बूथ से लाभार्थीयो को एक साथ शिव पार्क के समीप मंगल भवन में मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामकृपाल साहू जी,विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला महामंत्री राजेश महलवाला, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू,पूर्व जिला मंत्री शशिकांत गर्ग,महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ एच एन चतुर्वेदी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चिकित्सा प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष अजय अग्रवाल मंचासीन रहे। लाभार्थी सम्मेलन में सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यातिथि रामकृपाल साहू संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों को किसान सम्मान निधी दिया। महिलाओ को उज्वला गैस योजना के तहत गैस टंकी व चूल्हा दिया।सभी को शौचालय दिया, आयुष्मान भारत योजना हर गाव गरीब के लिए लागू किया गया । लेकिन वंही दूसरी और छत्तीसगढ़ की सरकार ने सभी गरीबों के आवास छीनने का काम किया है। इन सभी बातों को आम जनता को समझने की जरूरत है। जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल ने डॉ रमन सिंह सरकार की उपलब्धि का जिक्र करते हुए बताया सड़क पुल पुलियों का जो निर्माण भाजपा सरकार में हुआ वह उलेखनीय है , तीर्थयात्रा योजना हो या मजदूरों को सायकल सिलाई मसीन देने की बात हो । तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका दी तो वंही निःशुल्क पुस्तकें देने का काम रमन सरकार में हुआ कृषि ऋष्टा शून्य प्रतिशत करने काम भी रमन सरकार में हुआ लेकिन कांग्रेस की भूपेश सरकार गरीबों, मजदूरों, महलाओं,बुजुर्गों, कर्मचारी, व्यापारी सभी को ठगने एवं लूटने का काम कर रही है आने वाले समय में कांग्रेस की इस झूठी सरकार को उखाड़ फेंकना बहुत जरूरी है। पूर्व नपाअध्यक्ष थलेश्वर साहू,शशिकांत गर्ग,शशिकिरण खेस,एच एन चतुर्वेदी, शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा छत्तीसगढ़ की भोले भाली जनता को झूठी घोषणा पत्र के आधार पर सरकार में आये, आने के बाद गरीबों को छलने का काम किया चाहे शराब घोटाला हो या घोटाला, कोयला घोटाला, माफिया राज पूरे प्रदेश छाया हुआ है। ललिता तिवारी,विमला भगत,संस्कार अग्रवाल, अशरफ इराकी,तेतरी सोनी,विकास साहू, धनसाय सिंह, कौसल्या सिंह, सुरेश सिंह, उमाशंकर वैष्णव,गोपाल सोनी, रामशिरोमणि, पार्वती यादव,जीरा देवी,सहित भारी संख्या में लाभार्थी व आमजन उपस्थित रहे।

# युवक का शव फांसी पर लटका मिला

## हत्या या आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी, मरने से पूर्व एसडीएम और अजाक थाने की थी शिकायत



-संवाददाता-
सूरजपुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

नगर के भैयाथान रोड दुर्गा बाड़ी के पास युवक का शव फांसी के फंदे में मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचनामा कर के लिए भेज दिया है। युवक की हत्या हुई है आत्महत्या यह पुलिस की जांच से स्पष्ट हो पायेगा। लेकिन प्राम्भिक जानकारी यह है मृतक युवक राजेन्द्र प्रसाद सिंह आ0 लाल साथ 33 वर्ष,ग्राम-केरता थाना तहसील प्रतापपुर का रहने वाला है मरने से पहले वह एसडीएम सूरजपुर और अजाक थाने में पहुँचकर शिकायत देकर बताया था कि वह 3 वर्षो से सूरजपुर के गोदाम में परिवार सहित रहता था जो भैयाथान रोड दुर्गा बाड़ी सामने है और उसके यहां ड्राईवरी का काम करता है, साथ ही पत्नी भी उसके घर गोदाम में काम करती है. 2 वर्ष से काम के दौरान उसके सेठ ने मेहनताना वेतन नहीं दिया, मांगने प मारपीट करता था और मुझे जान से मारने की धमकी देता रहा.जब वह तेन्दुपता गाड़ी लेकर बाहर गया था व एक माह बाद आने पर वेतन मांगने पर बांधकर पीटा गया और अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर लायसेस भी लूट लिया और उसे गोदाम से निकाल दिया. यहाँ तक कि वह अपने बच्चे व पत्नी से नही मिलने दिया जाता था। शिकायत में बताया था कि उसकी पत्नी और बच्चों को बंधक बनाकर जबरन काम करवाया जा रहा और वह दर दर की ठोकर खाकर सड़क पर रहने को मजबूर था। फिलहाल कई महीने डर भय से लुकछिप कर रहने को मजबूर राजेन्द्र प्रसाद का शव आज दुर्गाबाड़ी परिसर में फाँसी में झूलते मिला। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने परिजनों को सूचित कर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सपुर्द कर दिया है।

### मेरे बेटे को प्रताड़ित किया

पूरे मामले में मृतक के पिता ने बताया कि कुछ दिन पहले वह गांव आया था और जहाँ काम करता था वहाँ से प्रताड़ित था उसको परिवार से नही मिलने देता था था और उसके साथ मारपीट किया जाता रहा जिससे वह टूट गया था।

### पुलिस जांच में जुटी

राजेन्द्र ने अजाक थाने सहित एसडीएम सूरजपुर से फरियाद कर न्याय की गुहार लगाकर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन उसे इंसाफ नही मिला.? आज वह इस दुनिया से बहुत दूर चला गया, दुनिया ही छोड़ दिया है क्या ऐसे पुलिस उसे न्याय दिला पाएगी या नही..?

# छड़-सीमेंट दुकान से दो लाख की चोरी, कर्मचारी सहित एक अन्य गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)



गांधीनगर थाना क्षेत्र के बनारस रोड स्थित भगवानपुर में स्थित छड़ सीमेंट दुकान से दो लाख रुपए चोरी का मामला सामने आया है। आरोपी चोरी करते दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। दुकान संचालक ने सीसीटीवी में कैद चोर को अपने दुकान का कर्मचारी होना बताया है। इस मामले में पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने एक साथी के साथ चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इलके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जितेन्द्र जिन्दल मनेन्द्रगढ़ रोड का रहने वाला है। इसका बनारस रोड स्थित भगावनपुर में छड़ सीमेंट की दुकान है। 10 अगस्त की रात को पूरे दिन बिक्री का दो लाख रुपए दकान के लॉकर में रखकर रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो बाहर का शटर ठीक था। शटर खोलकर अंदर घुसा तो खिडक़ी खुली हुई थी और लॉकर टूटा हुआ था। लॉकर में रखे दो लाख रुपए नहीं थे। दुकान संचालक ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटजे देखा तो एक व्यक्ति चेहरा बांध कर दुकान के गली का दीवार फांद कर अंदर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दुकान संचालक ने चोर की पहचान दुकान में काम करने वाले कर्मचारी मनमोहन के रूम में किया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर संदेही कर्मचारी को मनमोहन सिंह हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने साथी ओमप्रकाश सिंह के साथ चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक अलंगो दास एवं पुलिस स्टॉफ शामिल रहे।

# एनसीसी कैडेट्स द्वारा की गई शंकरघाट की साफ-सफाई



-संवाददाता-
अंबिकापुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल विनय मल्होत्रा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संतोष रावत के कुशल मार्गदर्शन में राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला के संरक्षण में और महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के निर्देशन में आज दिनांक 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत शहर में स्थित शंकरघाट की साफ़ सफाई की गई जिसमें महाविद्यालय के समस्त एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी रही और इस अभियान के माध्यम से कैडेट्स ने शहर के निवासियों को एवम समाज को जल स्रोतों को साफ़ और स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

# केंद्र सरकार धान खरीदी के लिए 80 फीसदी देती है पैसा : विष्णुदेव साय




-संवाददाता-
अंबिकापुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आहूत किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में धान का समर्थन मूल्य 873 रुपए बढ़ा, खाद में सब्सिडी बढ़ाकर 1.08 लाख करोड़ रुपए करके किसानों को बड़ी राहत दी। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने इस वर्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश से 86.5 लाख मीट्रिक टन चावल अर्थात 1.30 करोड़ मीट्रिक टन धान की बंपर खरीदी करने का निर्णय लेकर छत्तीसगढ़ के किसानों को सौगात दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के किसानों की पूरी उपज की खरीदी की व्यलस्था कर दी है, इसके लिए छत्तीसगढ़ के किसान केंद्र सरकार का अभिनंदन करते हैं। साय ने कहा कि भाजपा इसकी जानकारी छत्तीसगढ़ के प्रत्येक किसानों तक पहुंचाएगी और प्रयास करेगी कि प्रदेश का हर किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पोस्टकार्ड लिखकर धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बार-बार यह झूठ बोलते हैं कि किसानों का पूरा धान प्रदेश सरकार खरीदती है, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार ने अब तक धान खरीदी के लिए प्रदेश सरकार को 74 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया है जिसके बदौलत प्रदेश के किसानों का धान खरीदी जा सका। विष्णुदेव साय ने पूछा कि प्रदेश सरकार यह बताए कि उसने प्रदेश के किसानों को कितना पैसा स्वयं की मद से दिया है? प्रदेश के मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर केवल झूठे आरोप लगाने का काम करते हैं। यदि केंद्र सरकार चावल नहीं खरीदती है तो क्या प्रदेश सरकार में इतना दम है कि वह किसानों की उपज का पूरा धान खरीद सके? हकीकत तो यह है कि प्रदेश की कुल उपज का 82 फीसदी धान चावल के रूप में केंद्र सरकार ही खरीदती है। प्रधानमंत्री ने स्वयं यह बात रायपुर की जनसभा में कही थी। दुःखद तो यह है कि प्रधानमंत्री के कथन को मुख्यमंत्री ने तब झूठा करार दिया था? जो सरकार अंतर की राशि का भुगतान समय पर एकमुश्त नहीं कर सकती, वह किस आधार पर पूरा धान खरीदने का दावा कर रही है? पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, मधुसूदन शुक्ला, संतोष दास, रूपेश दुबे सहित भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### केन्द्र सरकार ने किसानों के हित में उठाए गए कदम

केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में उठाए गए कदमों की विस्तार से चर्चा की और कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में धान का समर्थन मूल्य 873 रुपए बढ़ा है। खाद में सब्सिडी 35 हजार करोड़ रुपए से बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1.08 लाख करोड़ रुपए करके किसानों को बड़ी राहत देने का काम किया है। केन्द्र की सरकार आने के बाद धान का समर्थन मूल्य बढने से किसानों को 17,500 रुपए अधिक मिलेंगे। पहले जब यही धान 1310 रुपए में किसान 15 क्विंटल बेचते थे तो उन्हें 19,650 रुपए मिलते थे। इस प्रकार अब किसानों को 17,500 रुपए ज्यादा मिलेंगे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी और यूरिया के दाम में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

# गुदरी बाजार का 2 साल बाद टेंडर खोलने एवं उसे निरस्त करने पर बिफरे लोक निर्माण विभाग के प्रभारी

-संवाददाता-
अंबिकापुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)



गुदरी बाजार का टेंडर पूर्व आयुक्त द्वारा निरस्त करने एवं मरीन ड्राइव दुकान के टेंडर खोलने को लेकर नगर निगम में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एवं श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि उक्त दोनों टेंडर की जांच हो और नियमानुसार टेंडर खोला जाए। नगर निगम के पूर्व आयुक्त द्वारा गुदरी बाजार का जो टेंडर निरस्त किया गया है वह नगर निगम अधिनियम के विरुद्ध है,केवल यह कहकर की कई लोग इस टेंडर में भाग नहीं ले पाए हैं और इतने सालों बाद टेंडर खुल रहा है निरस्त कर देना अधिनियम के विरुद्ध है। लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सफी अहमद ने निगम के अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि अधिकारियों को निगम के अधिनियम से चलना पड़ेगा। अपने मन से कार्य न करें निगम के अधिनियम से चले। 2 साल तक अधिकारी गुदरी बाजार के 31 गुमटी का टेंडर को क्यों नहीं खोल पाए? इसमें गरीब तपके के लोग अप्लाई किए थे। समय पर टेंडर आप नहीं खोलोगे और सजा गरीब तपके को क्यों मिले।

### भाजपा नेता के टेंडर में भाजपा नेता ने ही लगाया आपत्ति

मरीन ड्राइव टेंडर को लेकर लोक निर्माण विभाग के प्रभारी शफी अहमद ने कहा कि मेरीन ड्राइव में चार दुकानों की नीलामी का टेंडर हुआ था जिसमें भाजपा नेता ने टेंडर भरा था। यह बात सामने आने पर की भाजपा का नेता है इसलिए टेंडर रिजेक्ट किया गया है। इस पर शफी अहमद ने कहा कि हमारे संज्ञान में तो नहीं है कि टेंडर भाजपा नेता का है, लेकिन इतना जरूर पता है कि जो आपत्ति लगाए हैं वह भाजपा के ही नेता हैं।

# कार्यवाहक पीएम के लिए अनवर उल हक के नाम पर लगी मुहर;राष्ट्रपति अल्वी को भेजी गई सिफारिश

**इस्लामाबाद ,12 अगस्त 2023 ।** पाकिस्तान में चल रही सियासी खींचतान के बीच, इस साल के अंत में होने वाले आम चुनावों की देखरेख के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री का नाम तय कर दिया है। इसके लिए अनवर उल हक के नाम पर मुहर लग गई है। निवर्तमान प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और विपक्ष के नेता राजा रियाज ने इस मामले पर दो दौर के विचार-विमर्श के बाद उनके नाम को अंतिम रूप दिया। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज और निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसके बारे में जानकारी दी है।

पाकिस्तान के पीएमओ कार्यालय ने इस बारे में एक बयान भी जारी किया है। इसमें कहा गया है कि निवर्तमान पीएम शहबाज़ और नेशनल असेंबली (एनए) में निवर्तमान विपक्षी नेता राजा रियाज ने अनवर उल हक को कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने के संबंध में राष्ट्रपति अल्वी को सलाह भेजी है। जिसे उन्होंने तुरंत मंजूरी देते हुए संविधान के अनुच्छेद 224 ए के तहत प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया। बता दें कि अनवर उल हक बलूचिस्तान से आते हैं। गौरतलब है कि अनवर-उल-हक काकर बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) से विधायक हैं।



वहीं, प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने के बाद काकर ने ट्वीट कर कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर देशसेवा का यह अवसर देने के लिए ईश्वर का धन्यवाद। देश के हित में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करूंगा।

इससे पहले शाहबाज शरीफ से हुई मुलाकात को लेकर राजा रियाज ने कहा, हमने पहले फैसला किया है कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री छोटे प्रांत से होना चाहिए, साथ ही कोई बेदाग व्यक्तित्व वाला शख्स इस पद पर होना चाहिए। आखिरकार काकर के नाम पर सहमति बनी है। वहीं, शरीफ ने रियाज का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 16 महीने तक विपक्ष के नेता के तौर पर बेहतरीन भुमिका अदा करते के बाद रियाज ने इस नाजुक दौर में बहुत गंभीरता और समझदारी का परिचय दिया है। पाकिस्तान के अनुच्छेद 224 (1ए) के तहत राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री व विपक्ष के नेता की तरफ से सुझाए नाम को केयर टेकर प्रधानमंत्री नियुक्त करना होता है।

पाकिस्तानी संविधान के मुताबिक कार्यकाल पूर्व ही राष्ट्रीय विधानमंडल का विघटन होने पर 90 दिन के भीतर चुनाव होना चाहिए। लेकिन, पाकिस्तानी चुनाव आयोग को अब नई जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक परिसीमन के बाद चुनाव कराने हैं। इस प्रक्रिया में चुनाव आयोग को 6 महीने से ज्यादा का वक्त लग सकता है। लिहाजा, काकर अगले 6 महीने या उससे ज्यादा वक्त तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने रह सकते हैं।

### सेना के अफसरों को पढ़ातें हैं अंतरराष्टीय संबंध

1971 में बलोचिस्तान के किला सैफुल्ला में जन्मे काकर की शुरुआती शिक्षा सेना के कोहाट कैडेट कॉलेज से हुई है। उनके स्कूल के कई साथी पाकिस्तानी सेना के शीर्ष पदों पर रह चुके हैं। राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं। वह पाकिस्तानी सेना के कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, क्वेटा और नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी, इस्लामाबाद के विजिटिंग प्रोफेसर भी हैं, जहां अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर पर व्याख्यान देते हैं। काकर पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीस संबंधों के बड़े विद्वानों में शुमार हैं। वे पश्तो, उर्दू, फासरी, अंग्रेजी और बलोची धाराप्रवाह बोलते हैं।

# बम की सूचना के बाद पेरिस पुलिस ने एफिल टॉवर को कराया खाली,मचा हड़कंप

**पेरिस,12 अगस्त 2023 ।** मध्य पेरिस में स्थित एफिल टॉवर को शनिवार को बम की सूचना मिलने के बाद खाली करा लिया गया। इसकी तीन मंजिलों को खाली कराया गया है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले पर्यटक स्थलों में से एक है। पिछले साल इसने 6.2 मिलियन यात्रियों को आकर्षित किया था।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एफिल टॉवर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई जिसके बाद एहतियात के तौर पर इसे खाली करा लिया गया है। साथ ही इसे शनिवार तक आम जनता के लिए बंद कर दिया गया है।

%फ्रांस 24% की खबर के मुताबिक, एफिल टॉवर का संचालन करने वाली संस्थान एसईटीई ने कहा कि बम निरोधक विशेषज्ञों के साथ-साथ पुलिस भी इलाके की तलाशी ले रही है, जिसमें एक मंजिल पर स्थित एक रेस्तरां भी शामिल है। एसईटीई की एक महिला प्रवक्ता ने कहा, इस तरह की स्थिति में यह एक सामान्य प्रक्रिया है।

इस ऐतिहासिक टॉवर पर निर्माण कार्य जनवरी 1887 में शुरू हुआ था और 31 मार्च, 1889 को समाप्त हुआ था। 1889 के विश्व मेले के दौरान इसे देखने के लिए यहां दो मिलियन (20 लाख) यात्री पहुंचे थे।

# खतरनाक आतंकी समूह ISIL को पहुंचाए जा रहे नाटो-कैलिबर हथियार,संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन , 12 अगस्त 2023 ।** संयुक्त राष्ट्र ने एक चिंताजनक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें उसने बताया कि तालिबान और अल-कायदा से जुड़े समूहों जैसे तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान द्वारा नाटो-कैलिबर हथियारों को आईएसआईएल-के तक पहुंचाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने 2021 में तालिबान के अधिग्रहण के बाद अफगानिस्तान के भीतर और पड़ोसी देशों में सैन्य उपकरणों के प्रसार पर चिंता व्यक्त की है।

अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को लेकर यूएन महासचिव की 17वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश अफगानिस्तान, मध्य पूर्व और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार, विशेष रूप से हथियारों की पहुंच को लेकर चिंतित हैं। आईएसआईएल (दाएश) के क्षेत्रीय सहयोगियों ने छोटे हथियारों और हल्के हथियारों के साथ-साथ मानव रहित विमान प्रणालियों और तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों को उस तक पहुंचाने में वृद्धि की है।



सदस्य देशों ने बताया कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन-कैलिबर हथियार जो आमतौर पर पूर्व अफगान राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा बलों से जुड़े होते हैं, उन हथियारों को तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान, ईस्टर्न तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, टीआईपी जैसे तालिबान और अल-कायदा से जुड़े समूहों द्वारा आईएसआईएल-के में स्थानांतरित किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सदस्य देशों ने आईएसआईएल-के को अफगानिस्तान और व्यापक क्षेत्र में सबसे गंभीर आतंकवादी खतरा माना है। रिपोर्ट के मुताबिक, आईएसआईएल-के ने अफगानिस्तान के अंदर अपनी परिचालन क्षमताओं में वृद्धि की है, जिसमें लड़ाकों और परिवार के सदस्यों की संख्या 4,000 से 6,000 होने का अनुमान है।

# पुलिस का दावा-पंजाब प्रांत से गिरफ्तार किए TTP-ISIS के 21 आतंकवादी,अज्ञात स्थान पर पूछताछ जारी

**इस्लामाबाद , 12 अगस्त 2023 ।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने शनिवार को देश के पंजाब प्रांत से इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 13 कमांडरों सहित 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।



पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में कहा, %सीटीडी ने पुलिस और खुफिया एजेंसियों के सहयोग से पंजाब के विभिन्न शहरों से 21 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थानों पर ले जाया गया।%

इसमें कहा गया है कि आतंकवादियों ने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और कानून प्रवर्तन कर्मियों को निशाना बनाने की योजना बनाई थी। गिरफ्तार किए गए 21 आतंकवादियों में से 13 टीटीपी और आईएसआईएस के हैं। शुरुआती जांच से पता चलता है कि 13 कमांडरों में से नौ टीटीपी से और चार आईएसआईएस से संबंधित हैं।%

आतंकवादियों को पंजाब के लाहौर, अटक, झेलम, नरोवाल, साहीवाल, रावलपिंडी, डीजी खान, मुजफ्फरनगर और लय्याह जिलों से गिरफ्तार किया गया है। सीटीडी ने कहा कि उनके पास से भारी मात्रा में विस्फोटक, कई हथगोले, डेटोनेटर और प्रतिबंधित संगठनों के साहित्य बरामद किए गए हैं।

पाकिस्तान सरकार और टीटीपी के बीच पिछले साल नवंबर में संघर्ष विराम समाप्त होने के बाद इस साल टीटीपी और आईएसआईएस के सैकड़ों कथित आतंकवादियों को पकड़ा गया है। संघर्ष विराम समाप्त होने के बाद देश में सुरक्षा बलों पर हमलों में वृद्धि देखी गई है।

# जी 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए भारत आएंगे ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बानीज



**नई दिल्ली , 12 अगस्त 2023 ।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के भारत दौरे की पुष्टि हो गई है। वे नौ से 10 सितंबर तक नई दिल्ली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ऑस्ट्रेलिया की सरकार की ओर से बताया गया कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा उनके तीन देशों के दौरे का हिस्सा होगी। भारत के अलावा अल्बानीज इंडोनेशिया और फिलीपीन भी जाएंगे। कहा गया कि जी-20 वैश्विक आर्थिक सहयोग के लिए दुनिया का प्रमुख मंच है। इसमें शामिल होने वाले नेता वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत, टिकाऊ और लचीले विकास की ओर वापस लाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार की ओर से जारी बयान में पीएम अल्बानीज के हवाले से कहा गया कि यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि ऑस्ट्रेलिया साझा चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए जी20 जैसे बहुपक्षीय आर्थिक मंचों पर बढ़चढ़ कर अपनी बात रखता है। हम सभी अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर काम करने में आगे रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने विकास और समृद्धि, स्थिरता और संप्रभुता और स्थायी शांति के लिए सम्मान बढ़ाने के लिए इंडो-पैसिफिक में निवेश किया है और इसके लिए प्रतिबद्ध है।

जी-20 दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक मंच है। इसके सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 फीसदी, वैश्विक व्यापार का 75 फीसदी से अधिक तथा वैश्विक जनसंख्या का लगभग दो-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 समूह में भारत, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

# जहाज की जल आपूर्ति में खतरनाक बैक्टीरिया, स्थानांतरित किए जा रहे प्रवासी;ब्रेवरमैन पर बढ़ा दबाव

**लंदन , 12 अगस्त 2023 ।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन पर दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड में एक बड़े जहां में शरण चाहने वालों को रखने की योजना को लेकर दबाव बढ़ गया है। दरअसल, कुछ ही दिनों पहले प्रवासियों के पहले समूह को खतरनाक बैक्टीरिया के प्रकोप के कारण उन्हें वहां से हटाना पड़ा था।

मानवाधिकार समूहों ने दीर्घकालिक आवास के रूप में बिब्बी स्टॉकहोम (डोरसेट के पोर्टलैंड में डॉक किया गया तैरता जहाज) की उपयुक्तता पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद इस सप्ताह की शुरुआत में प्रवासियों के लिए खोल दिया गया था।

हालांकि, सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि करदाताओं द्वारा वित्त पोषित होटल के बढ़ते बिलों को आवास देने के लिए उनकी योजनाओं का एक बड़ा हिस्सा है, जबकि उनके शरण के दावों पर कार्रवाई की जा रही है। लेकिन शुक्रवार को यह सामने आया कि पानी की आपूर्ति में लिजियोनेरेस रोग (एक प्रकार का निमोनिया) की वजह बनने वाला बैक्टीरिया पाया गया और सभी 39 प्रवासियों को वैकल्पिक आवास पर ले जाना पड़ा।

ब्रिटेन के गृहमंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, बिब्बि स्टॉकहोम में रह रहे सभी शरण चाहने वालों (प्रवासियों) का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनको एहतियात के तौर पर (जहाज से) उतार दिया गया है और उन्हें वैकल्पिक आवास में ले जाया गया है।



प्रवक्ता ने कहा, गृह मंत्रालय और हमारे कॉन्ट्रैक्टर्स डोरसेट काउंसिल की पर्यावरणीय स्वास्थ्य टीम, ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) और डोरसेट स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी के सभी प्रोटोकॉल और सलाह का पालन कर रहे हैं। उनके साथ हम मिलकर काम कर रहे हैं। ब्रेवरमैन की कंजरवेटिव पार्टी सहित कई लोगों ने इसकी आलोचना की है और कुछ लोगों ने इसे तमाशा करार दिया है। टोरी सांसद और पूर्व मंत्री टिम हॉटन ने द डेली टेलीग्राफ से कहा, यह बहुत परेशान करने वाला है। यह एक तमाशा बनता जा रहा है। इसे गृह मंत्रालय बर्दाश्त नहीं कर सकता है। एक पूर्व कंजर्वेटिव सांसद स्कॉट बेंटन ने सोशल मीडिया पर इसे पूरी तरह से एक दिखावा बताया। उन्होंने ट्वीट किया, खुली सीमाओं का होना इतना बुरा नहीं है। लेकिन हम 39 अवैध प्रवासियों को एक नाव पर भी ठीक से नहीं ले जा सकते। बेंटन इस समय निर्दलीय सांसद भी हैं।

# नाबालिग लड़की को देखते ही विमान में करने लगा अश्लील हरकत,शिकायत के बाद भारतीय मूल का डॉक्टर गिरफ्तार

**वॉशिंगटन ,12 अगस्त 2023 ।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। उस पर पिछले साल एक विमान में नाबालिग के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकत करने का आरोप है।

मैसाचुसेट्स स्थित अटॉर्नी कार्यालय के मुताबिक, डॉ. सुदीप्त मोहंती (33 वर्षीय) को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ अमेरिका के विशेष विमान अधिकार क्षेत्र में रहते हुए अशिष्ट, अभद्र और अश्लील कृत्यों के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज की गई।

एक प्रेस विज्ञप्ति में गुरुवार को कहा गया कि प्राथमिक देखभाल चिकित्सक मोहंती को बोस्टन में संघीय अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें शर्तों पर रिहा कर दिया गया। मोहंती पिछले साल मई में होनोलूलू से बोस्टन विमान से जा रहे थे। इस विमान में एक नाबालिग (14 वर्षीय) भी अपने दादा-दादी के साथ यात्रा कर रही थी। नाबालिग आरोपी डॉक्टर के बगल में बैठी थी।

आरोप के मुताबिक, उड़ान के आधे रास्ते में नाबालिग को देखते ही मोहंती अश्लील हरकतें करने लगा। इसके बाद नाबालिग एक अलग पंक्ति में खाली सीट पर चली गई। फिर उसने बोस्टन पहुंचने के बाद परिवार के सदस्यों को घटना के बारे में बताया। फिर उन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों सूचित किया था।

कार्यवाहक अटॉर्नी जोशुआ एल लेवी ने कहा कि हर किसी को, खासकर बच्चों, को यह अधिकार है कि उन्हें अपनी यात्रा के दौरान किसी को अशिष्ट आचरण का सामना न करना पड़े। एफबीआई के बोस्टन डिवीजन के प्रभारी कार्यवाहक विशेष एजेंट क्रिस्टोफर डिमेन्ना ने कहा,नाबालिग के सामने डॉक्टर मोहंती की हरकत निंदनीय है।



अमेरिका के विशेष विमान अधिकार क्षेत्र में रहते हुए अशिष्ट, अभद्र और अश्लील कृत्यों के आरोप में 90 दिन तक की जेल, एक साल तक की निगरानी में रिहाई और 5,000 अमेरिकी डॉलर तक के जुर्माने का प्रावधान है।

संघीय अदालत ने भारतीय नागरिक को सुनाई पंद्रह साल की कैद

वहीं, एक दूसरे मामले में अमेरिका की संघीय अदालत ने एक भारतीय नागरिक (26 वर्षीय) को 15 साल से अधिक की कैद की सजा सुनाई गई है। उस पर देशभर में बुजुर्गों को निशाना बनाने, धमकी देने और धोखाधड़ी की एक बड़ी योजना का नेतृत्व करने का आरोप है।

अटॉर्नी अलमदार हमदानी ने बताया कि भारत में एक कॉल सेंटर के साथ काम करने वाले अमेरिका के रिंग लीडर मोहम्मद आजाद को अगस्त में 2019-2020 के बीच धोखाधड़ीके मामले में शामिल होने का दोषी पाया गया है। जिला न्यायाधीश केनेथ होयट ने आजाद को संघीय जेल में 188 महीने (करीब साढ़े पंद्रह साल) बिताने का आदेश दिया। आजाद भारतीय नागरिक है और ह्यूटन में अवैध रूप से रह रहा था। सजा खत्म होने के बाद उसे पद से हटाए जाने की प्रक्रिया का सामना करना पड़ सकता है।

### एक और भारतीय मूल के शख्स को चार साल की कैद

भारतीय मूल के एक अन्य व्यक्ति को फर्जी पहचान पत्र रखने और बिना लाइसेंस के धन हस्तांतरण कारोबार चलाने का दोषी ठहराया गया है। उसे करीब चार साल की सजा सुनाई गई है। शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा गया कि इंडियाना के प्लेनफील्ड के विमलकुमार त्रिवेदी (41 वर्षीय) को 46 महीने की संघीय जेल की सजा सुनाई गई।

जिला अदालत की मुख्य न्यायाधीश तान्या वाल्टन प्रैट ने त्रिवेदी को सजा सुनाई और संघीय जेल से रिहा होने के बाद तीन साल तक अमेरिकी परिवीक्षा कार्यालय द्वारा त्रिवेदी की निगरानी करने का आदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि त्रिवेदी ने कड़ी मेहनत की कमाई करने वाले निर्दोषों को धोखा देने के लिए डराने की रणनीति और पहचान की चोरी का इस्तेमाल किया था। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, अप्रैल 2017 से अप्रैल 2021 तक त्रिवेदी ने कूरियर सेवाओं के माध्यम से इंडियानापोलिस सहित विभिन्न स्थानों पर नकदी भेजने के लिए कुछ बुजुर्ग व्यक्तियों सहित कई पीड़ितों को धोखा दिया।

# बैगलेस डे पर आदिवासी वेशभूषा में जमकर थिरके चट्टीडांड़ स्कूल के बच्चे

## सामाजिक एकता का दिया संदेश, ट्राइबल फैशन शो के माध्यम से चट्टीडांड़ स्कूल के बच्चों ने आदिवासी समाज के रहन-सहन,परंपरा और संस्कृति का किया चित्रण









-संवाददाता-
सूरजपुर,12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ स्कूल में शनिवार को बैगलेस डे के अवसर पर विश्व आदिवासी दिवस की थीम पर ट्राइबल फैशन शो आयोजित की गई,जिसमें विद्यालय के नन्हें बच्चों ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया । ट्राइबल फैशन शो में कक्षा पहली से रूद्र सारथी, कु.रिया सारथी,रूद्र कुमार,हिमांशु सोनी,कक्षा दूसरी से रौनक सारथी, गगन,यश कुमार,कक्षा तीसरी से ऋषभ सोनी, शुभम, अविनाश, कु.इशिका सारथी, कक्षा चौथी से कु.दिव्या सारथी, कु.भूमि सारथी, कु.अल्का सारथी, कु.अराधना सारथी, कु.अराधना,अरूण तथा कक्षा पांचवीं से कु.अनन्या और गगनदीप प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए । सभी नन्हें प्रतिभागियों ने आदिवासियों की मनमोहक वेशभूषा में अपनी - अपनी प्रस्तुति दी । बच्चों ने आदिवासी वेशभूषा में रैंप वॉक करते हुए आदिवासी लोकगीतों पर जमकर नृत्य का प्रदर्शन भी किया। बच्चों ने ट्राइबल फैशन शो के माध्यम से आदिवासी समाज के रहन-सहन, परंपरा और संस्कृति का चित्रण किया। प्रधान पाठक गौतम शर्मा के द्वारा बच्चों को आदिवासी समुदाय के संस्कृति, वेशभूषा, भाषा, बोली, प्रकृति की पूजा संबंधी जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्व आदिवासी दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व के आदिवासी जनजातियों के अधिकारों की संरक्षण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं के गगनदीप और कक्षा दूसरी के रौनक सारथी प्रथम,कक्षा पहली के रुद्र सारथी और कक्षा पांचवीं की कु.अनन्या सारथी द्वितीय और कक्षा चौथी की कु.दिव्या सारथी और कु.भूमि सारथी तृतीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका विनिता सिंह और बच्चों के अभिभावकों का सराहनीय योगदान रहा।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा के बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा




-संवाददाता-
कोरबा 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कोरबा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा विद्यालय के बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाकर जिला स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को दवाई खाने से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि इस दवाई को खाने से व्यक्ति के पेट में होने वाले हानिकारक कृमि नष्ट हो जाते है तथा कृमि मुक्त होने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार एवं सीएमएचओ डॉ. केशरी ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारियों तथा पात्र लाभार्थियों के पालको से अपील करते हुए कहा कि कृमिनाशक दवा खाने से वंचित रह गए बच्चों को मॉपअप दिवस 17 अगस्त को एलबेंडाजोल की दवा अनिवार्य रूप से खिलाएं। साथ ही अपने आस-पास के लोगों में इस सम्बंध में जागरूकता लाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम की पूर्ण सफलता हेतु अपना योगदान दे। आपका प्रयास बच्चों में होने वाली कृमि को नियंत्रित कर सकता है। जिला स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. के. सिंह, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दीपक राज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.अशरफ अंसारी, सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी व विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक व स्टाफ उपस्थित थे। बीएमओ डॉ. दीपक राज ने कार्यक्रम में कृमिनाशक दवाई के खुराक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूरा या पीसकर पानी के साथ मिलाकर चम्मच से पिलाया जाना है। इसी प्रकार 2 वर्ष से 3 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली चूरा पीसकर पानी के साथ सेवन कराया जाना है तथा 03 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली चबाकर पानी के साथ खिलाया जाएगा। गौरतलब है कि 10 अगस्त 2023 को जिले के समस्त ऑगनबाडी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदानप्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं तकनीकि शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 01 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर- किशोरियों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाई गई। साथ ही कृमि नाशक दवाई खाने से छूटे बच्चों को 17 अगस्त 2023 को मॉप अप दिवस पर दवा का सेवन कराया जाएगा। जिससे बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर में वृद्धि के साथ ही उनका बौद्धिक विकास व एनिमिया की रोकथाम हो सके।

# हाथियों की समस्या के लिए सभी को मिल कर निकालना होगा हल



**मना विश्व हाथी दिवस,उनके लिए जगह आरक्षित करने पर जोर**

-संवाददाता-
सूरजपुर,12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

शनिवार को विश्व हाथी दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी व प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी के मुख्यातिथि में ग्राम पंचायत रामकोला रेस्क्यू सेंटर में मनाया गया। इस अवसर पर हाथी को फूल माला आदि सजाया गया था जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी गांव द्वारा बैगा विधि विधान से हाथी का पूजा किया तथा रंग बिरा हाथियों के लिए भोजन खिचड़ी तथा मीठा भोजन तथा खीर केला सेव संतरा गन्ना तथा कथा सभी प्रकार का भोजन कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन सिंह मरावी ने कहा कि हम सब हाथी विचरण करते हैं तो इधर से उधर हाथी को इस गांव से उस गांव ओर हाथी नुकसान क्षति पहुंच जा पहुंचा देता है। क्या हम सब राज्य सरकार केंद्र सरकार ग्रामवासी सब मिलकर इसका कोई रास्ता निकालें उनके लिए कोई निश्चित जंगल आरक्षित करें। जिससे वहां पर वह सुरक्षित रह सके।

इस क्षेत्र के समस्त ग्रामवासी हम सब आप मिलकर इसका उपाय हमको बनाना बहुत जरूरी है क्योंकि हमारे क्षेत्र में हाथी हमेशा रहते हैं इस क्षेत्र के बहुत सारे नुकसान क्षति भी पहुंच रहे हैं। कहीं ना कहीं हम सब आपका का एक बहुत बड़ा क्षति है जंगल विभाग के अधिकारी कर्मचारी और ग्राम पंचायत के समस्त मुखिया भाई बंधु आप सब हम मिलकर एक बार बैठ कर इसके बारे में विचार करना चाहिए कि हमारे क्षेत्र में हाथी विचरण करते हैं विचरण करते के दौरान हम सबको कैसे सावधान रहना चाहिए ताकि हमारे क्षति हानि होने से हम बच सके। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व? आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शिव भजन सिंह मरावी, कुंदन मिश्रा, हरि कुशवाहा, चंद्रिका कुशवाहा , समस्त अधिकारी कर्मचारी वन विभाग के समस्त सेक्टर के हाथी प्रभारी व ग्रामीण लोग भी उपस्थित रहे।

# आत्मानंद स्कूल भुवनेश्वरपुर एवं रामानुजनगर में ईवीएम वीवीपैट का किया गया प्रदर्शन



-संवाददाता-
सूरजपुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रियंका वर्मा के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी नंदजी पाण्डे के मार्गदर्शन में द्वारा ईवीएम, वीवीपैट जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान लगभग 500 विद्यार्थियों के साथ मतदान प्रक्रिया की जानकारी साझा की गई।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भुवनेश्वरपुर एवं हाईस्कूल बालक रामानुजनगर में लगभग 500 छात्रों ने मतदान की प्रक्रिया को जाना और ईवीएम की कार्यप्रणाली को समझा। छात्रों को ईवीएम मशीन में कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट एवं वीवीपैट के कार्यों को योगेश साहू द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। ईवीएम मशीनों में चिप, ब्लूटूथ, वाईफाई कनेक्ट नहीं किया जा सकता। ईवीएम मशीन को किसी भी तरीके से हैक नहीं किया जा सकता, किसी भी छेड़छाड़ की स्थिति में मशीन अपने आप बंद हो जाती हैं। ऐसा भी कई बार सुनने में आता है कि दोबारा बटन दबाने पर दूसरा बोट जाता है, ऐसे में बता दें कि आपका पहला दबाया गया बटन ही काम करेगा हर एक वोट के बाद कंट्रोल यूनिट को फिर अगले वोट के लिए तैयार करना होता है, इस तरह इस पर फटाफट बटन दबाकर वोट करना मुश्किल है। वोटर जैसे ही बटन दबाता है उसके बाद अगले की तैयारी की जाती है कुल मिलाकर कहें तो एवीएम में इतने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं कि इससे छेड़छाड़ करना बहुत मुश्किल है। वही 17 से 18 वर्ष के 101 विद्यार्थियों ने मॉक पोल किया एवं इससे जुड़े और भी कई सवाल पूछे। उनके सवालो का विस्तार पूर्वक निराकरण किया गया। ईवीएम प्रदर्शन योगेश साहू और रविशंकर पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद भुनेश्वरपुर के प्राचार्य नवीन जायसवाल, प्रभारी प्राचार्य जगदीश साहू एवं सभी स्टाफ तथा छात्र, छात्राये उपस्थित थे, वही रामानुजनगर हाईस्कूल में प्राचार्य सीमा दुबे, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू, साक्षर भारत रविनाथ तिवारी, दिलीप शर्मा, गोपाल सिंह, बिहारी साहू, गायत्री कश्यप, शाला के समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित थे।

# शिवसेना के संभाग प्रभारी ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



-संवाददाता-
सूरजपुर, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

शिवसेना के संभाग प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार शास्त्री ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम सौंप ज्ञापन सौंपा कर बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना में भारी भ्रष्टाचार की किया जा रहा है इसकी उच्च स्तरीय जांच कराये जाने के मांग की है । सूरजपुर जिले में नल जल योजना में प्रशासन की आड़ में भारी भ्रष्टाचार है। कागजों में नल जल योजना तैयार कर रकम वसूल कर ठेकेदार एवं अधिकारी मिलजुल कर पैसा कमा रहे हैं मानक के प्रतिकुल कार्य करके महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगा रहे हैं। जिससे जन मानस अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उक्त भ्रष्टाचार की जांच कराकर अपराध पंजीबद्ध कराकर उचित कार्य कराये जाने की

# मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत ' प्रश्नोत्तरी क्विज ' का आयोजन एवं संकल्प पत्र का किया गया वाचन



-संवाददाता-
कोरबा, 12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार दिनांक 12 अगस्त 2023 को शासकीय इ. वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में ÷मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ÷के अंतर्गत ' प्रश्नोत्तरी क्विज ' का आयोजन एवं संकल्प पत्र का वाचन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती साधना खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता को अनिवार्य रूप से मतदान करना है,मतदान प्रक्रिया का सहभागी बनना है। महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमती अल्का श्रीवास्तव ने संकल्प पत्र का अक्षरशः पालने करने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित किया। भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ बी.एल. साय ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम में सम्मिलित होने से निश्चित रूप से व्यक्तित्व का विकास होता है। 'प्रश्नोत्तरी क्विज ' के माध्यम से विद्यार्थियों ने चुनाव एवं अनिवार्य मतदान के महत्व को समझा।महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी बलराम कुर्रे ने प्रतिस्पर्धी छात्रों को प्रोत्साहित किया एवं क्वीज के प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई दी।

# बालको अस्पताल के विश्वस्तरीय मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर से सर्जरी सुविधा होगी उत्कृष्ट





-संवाददाता-
कोरबा,12 अगस्त 2023
(घटती घटना)

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कपंनी लिमिटेड (बालको) ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक सामुदायिक पहुंच सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों में एक नया मील का पत्थर हासिल करते हुए बालको अस्पताल में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) और सीटी स्कैन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बालको प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों के उपस्थिति में बालको सीईओ राजेश कुमार ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। छत्तीसगढ़ में ड्रेगर कंपनी की एकमात्र मॉड्यूलर ओटी जो भविष्य में मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने में सहायक होगी। अत्याधुनिक सीटी स्कैन कक्ष और मॉड्यूलर ओटी के साथ ही अस्पताल में एक्स-रे कक्ष, इमरजेंसी एण्ड क्रिटिल केयर (सर्वसुविधायुक्त 10 आईसीयू बेड) कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। 32 स्लाईस की सीटी स्कैन सिमेंस कंपनी और ओटी ड्रेगर को कंपनी से लिया गया है जो चिकित्सा क्षेत्र में विश्वस्तरीय उत्पाद बनाते हैं। कोरबा में 32 स्लाईस युक्त एकमात्र सीटी स्कैन है। सभी उपकरण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार हैं। अत्याधुनिक उपकरण सीटी स्कैन, मॉड्यूलर ओटी और 10 आईसीयू बेड बालको अस्पताल की उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा, चिकित्सा देखभाल और मरीजों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए समर्पित है।

अस्पताल में सीटी स्कैन, सर्जरी और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं किफायती तथा कम खर्च में उपलब्ध हैं जिससे उपचार कराने पहुंच रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। सभी उपकरण डिजिटल और हाईटेक होने के साथ अस्पताल में आक्सीजन व अन्य सुविधाओं भी उपलब्ध है। ओटी में अत्याधुनिक उन्नत सर्जिकल लाइट तकनीक आवश्यकता अनुरूप रोशनी प्रदान करते हैं जो ऑपरेशन टेबल पर काफी सहायक होंगे।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने बालको अस्पताल की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बालको अस्पताल के माध्यम से कोरबा जिले में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों की शुरुआत होने पर गर्व है। हम क्षेत्र में नवीनतम चिकित्सा तकनीकों, उपकरण और सभी तक उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं। श्री कुमार ने कहा कि बालको अस्पताल के जरिए क्षेत्र के जरूरतमंदों को हरसंभव चिकित्सा सुविधाएं देने के प्रति बालको प्रबंधन कटिबद्ध है।

बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा ने कहा कि हम चिकित्सा नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने और बालको अस्पताल में अपने रोगियों की देखभाल में विश्वास करते हैं। नवीनतम ओटी और सीटी स्कैन से हम मरीजों की देखभाल और उपचार को उत्कृष्ट तरीके से कर पाएंगे। सभी के लिए स्वास्थ्य संबंधित अत्याधुनिक देखभाल प्रदान करने का अवसर हमें गौरवान्वित करता है।

# पॉलीग्रास टर्फ पर एसीटी खेलने से टीमों को पेरिस ओलंपिक में फायदा होगा: पाठक






**पंजाब ,12 अगस्त 2023।** भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक का मानना है कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (एसीटी) में खेलने वाली टीमों को आगामी एशियाई खेलों के साथ पेरिस ओलंपिक में भी फायदा होगा क्योंकि यहां उसी 'पॉलीग्रास टर्फ' का इस्तेमाल हुआ है जिस पर उन बड़े खेलों का आयोजन होना है। एसीटी का आयोजन यहां के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में हो रहा है जहां नयी 'पॉलीग्रास टर्फ' बिछायी गयी है। भारतीय टीम को इस सतह पर तेजी से खेलने की आदत डालनी होगी क्योंकि इसी टर्फ का भी उपयोग पेरिस ओलंपिक में भी होगा। उन्होने कहा, '' यह वास्तव में एक अच्छा टर्फ है, हमें इस टर्फ का अनुभव देने के लिए तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद। इसका उपयोग ओलंपिक के दौरान भी होगा।'' पाठक ने कहा, '' यह नयी टर्फ है इसलिये इस पर खेल थोडा धीमा है। हम इस पर लगातार खेल कर इसके अभ्यस्त हो जायेंगे। यह इस पर निर्भर करता है कि कितना जल्दी इसके अभ्यस्त होते हैं। '' 'पॉलीग्रास पेरिस जीटी जीरो' को शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाली हॉकी टर्फ के रूप में वर्णित किया गया है जो 80 प्रतिशत 'बायोबेस्ड सामग्री (गन्ने) से बनी है। एशियाई खेलों से पहले एसीटी में खेलने के बारे में पूछे जाने पर पाठक कहा, ''मैंने आज तक जो भी टूर्नामेंट खेले हैं, वे सभी मेरे लिए खास रहे हैं। हर टूर्नामेंट की तैयारी अलग होती है, चाहे वह प्रो-लीग हो या एसीटी। एशियाई खेलों की तैयारी भी अलग तरीके की होगी।'' उन्होंने कहा, '' यह प्रतियोगिता हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और हम यहां से आत्मविश्वास बनाने में सक्षम होंगे। जो टीमें हांगझोउ में भाग लेंगी, वे एसीटी में शामिल होंगी। इसके अलावा श्रीलंका और हांगकांग जैसी कुछ अतिरिक्त टीमें भी वहां हो सकती है।''पंजाब के कपूरथला के इस 26 साल के खिलाड़ी ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय मैचों का सैकड़ा पूरा किया। पाठक ने कहा कि इतनी लंबी यात्रा के बावजूद वह हर दिन नई चीजें सीखते रहते हैं। उन्होंने कहा, '' हम हर समय सीखते रहते हैं। जब से मैं अंडर-18 टीम से आया हूं, मैं बहुत कुछ सीख रहा हूं, खासकर गोलपोस्ट से टीम का मार्गदर्शन करने और रक्षापंक्ति के साथ सामंजस्य बैठाने को लेकर कैसे काम कर रहा हूं।



## जेसिका पेगुला ने मांट्रियल क्वार्टरफाइनल में युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को हराया

**मांट्रियल ,12 अगस्त 2023।** अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने हमवतन और अपनी युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को 6-2, 5-7, 7-5 से हराकर लगातार तीसरे साल नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

पेगुला और गॉफ की जोड़ी नेअपने युगल मैच से हटने का फैसला किया था जिससे जापान की शुको ओयामा और इना शिबाहारा की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गयी थी।

वहीं पेगुला का सामना अब सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक से होगा। पोलैंड की स्वियातेक ने अमेरिकी क्वालीफायर डेनियल कोलिंस को 6-3, 4-6. 6-2 से शिकस्त दी। एकल के अन्य क्वार्टरफाइनल में 15वीं वरीय रूस की लियूडमिला सामसोनोवा ने स्विट्जरलैंड की 12वीं वरीय बेलिंडा बेनसिच को 6-4, 6-4 से हराया।

## मेसी के गोल की बदौलत इंटर मियामी सेमीफाइनल में पहुंचा




**सेंटियागो ,12 अगस्त 2023।** इंटर मियामी ने लीग्स कप क्वार्टरफाइनल में चार्लोट को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें लियोनल मेसी ने अपने नये क्लब के लिए 86वें मिनट में गोल दागा। पिछले साल अर्जेंटीना को विश्व कप खिताब दिलाने वाले सात बार के 'बैलन डिओर'मेस्सी का यह अपने नये क्लब के लिए पांच मैचों में आठवां गोल था।

इस दौरान मेस्सी ने मियामी के अपने सभी पांच मैचों में गोल किये हैं। जोसेफ मार्टिनेज ने 12वें और रोबर्ट टेलर ने 32वें मिनट में गोल किये। क्लब के लिए एडिल्सन मलांडा ने 78वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। अब सेमीफाइनल में इंटर मियामी का सामना मेक्सिको के क्लब क्रूरेटारो से होगा जिन्होंने फिलेडेल्फिया यूनियन को 2-1 से हराया।



## मुकेश जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उससे बहुत खुश हूं:भारतीय गेंदबाजी कोच

**लॉडेरहिल (फ्लोरिडा) ,12 अगस्त 2023।** भारतीय गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने सभी तीनों प्रारूपों में भारत के लिए खेलने की काबिलियत दिखायी है जिससे उनके कार्यभार का प्रबंधन इसके अनुसार ही किया जायेगा।

वेस्टइंडीज के दौरे पर इस तेज गेंदबाज को सभी तीनों प्रारूपों में पदार्पण का मौका मिला। फ्लोरिडा में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले म्हाम्ब्रे ने मुकेश की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। म्हाम्ब्रे ने कहा, वह जिस तरह से प्रगति कर रहा है, उससे बहुत खुश हूं। उसकी सोच, हमने उससे जो चर्चा की थी और खेल के प्रति उसका रवैया बहुत ही शानदार है।

उन्होंने कहा, आपको ऐसे ही खिलाड़ी की जरूरत है जो यहां एक दौरे पर आये, कड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ अलग से विकेट पर खेले जो कभी भी आसान नहीं होता। लेकिन उसने जिस तरह की गेंदबाजी की है और जो जज्बा दिखाया है, उससे हम काफी खुश हैं।

म्हाम्ब्रे ने कहा, हम जानते हैं कि वह सभी तीनों प्रारूपों में खेलने की काबिलियत रखता है, लेकिन हमें उसके कार्यभार प्रबंधन में काफी स्मार्ट होना होगा। उसने काफी घरेलू क्रिकेट खेला है और अपनी गेंदबाजी में निखार किया।

कैरेबियाई सरजमीं की धीमी विकेट की तुलना करते हुए गेंदबाजी कोच को अमेरिका की पिच के बल्लेबाजों के मददगार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, यह थोड़ी अलग है, यहां की मिट्टी काली है जैसी भारत के उत्तरी हिस्से की होती है। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होने वाला है। गेंद सीधे बल्ले पर आयेगी। हमने नेट में यही देखा था। लगता है कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होगा। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में अब भी वेस्टइंडीज से 1-2 से पिछड़ रही है लेकिन म्हाम्ब्रे को टीम की वापसी का पूरा भरोसा है।



## आयरलैंड दौरे पर बिना कोच के जाएगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली, 12 अगस्त 2023।**भारत और आयरलैंड के बीच 18 अगस्त से शुरू होने वाली टी20 सीरीज में भारतीय टीम बिना किसी हेड कोच के खेलने उतरेगी। दरअसल, इससे पहले एनसीए चीफ वीवीएस लक्ष्मण को इस सीरीज का कोच माना जा रहा था। लेकिन अब रिपोर्ट्स के अनुसार, लक्ष्मण टीम के साथ आयरलैंड नहीं जाएंगे।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, सितांशु कोटक और साईराज बहुतुले डबलिन में तीन मैचों की भारत - आयरलैंड के लिए जसप्रीत बुमराह के मार्गदर्शन वाली टीम के साथ रहेंगे। कोटक और बहुतुले इससे पहले न्यूजीलैंड और आयरलैंड दौरों पर वीवीएस लक्ष्मण के सहयोगी स्टाफ के रूप में काम कर चुके हैं।

हालांकि, ये अभी भी पता नहीं पाया है कि लक्ष्मण आयरलैंड में टीम के साथ क्यों नहीं जाएंगे। जहां तक राहुल द्रविड़ और उनके स्टाफ की बात है तो वो एक हफ्ते के ब्रेक के बाद 24 अगस्त को एनसीए में इकट्ठा होंगे। जसप्रित बुमराह (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (वीसी), तिलक वर्मा, यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, संजू सैमसन, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, मुकेश कुमार, रवि बिश्नोई, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

## देवधर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले कुन्नुम्मल का दिल्ली कैपिटल्स ने लिया ट्रायल



**तिरूवंतपुरम, 12 अगस्त 2023।** देवधर ट्रॉफी में अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले केरल के सलामी बल्लेबाजी रोहन कुन्नुम्मल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के ट्रायल में हिस्सा लिया। देवधर ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले रोहन ने 62.20 की औसत से 311 रन बनाये। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में रियान पराग (354) और मयंक अग्रवाल (341) के बाद तीसरे स्थान पर रहे। कुन्नुम्मल ने इस दौरान 123.90 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये जो नियमित बल्लेबाजों में पूर्व क्षेत्र के पराग (136.67) के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट था। इस प्रदर्शन के के बाद दिल्ली कैपिटल्स की ओर से उन्हें अपने शिविर में आमंत्रित किया गया और 25 वर्षीय दाएं हाथ का बल्लेबाज इससे काफी खुश है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' दिल्ली कैपिटल्स का प्रशिक्षण शिविर बहुत अच्छा रहा है। यहां, मुझे सौरव गांगुली सर और प्रवीण आमरे सर के साथ बातचीत करने का मौका मिला। वे बहुत मददगार रहे हैं और उन्होंने नेट सत्र के दौरान कुछ तकनीकी पहलुओं में मेरी मदद की है। उम्मीद है कि मेरे करियर में इसका सकारात्मक असर होगा। '' रोहन पिछले कुछ सत्र से केरल के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे रहे हैं लेकिन देवधर ट्रॉफी दौरान उन्होंने क्रिकेट जगत ने उन्हें गंभीरता से लेना शुरू किया। पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ फाइनल में उनके शतक ने उनके लिए बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने कहा, '' यह सत्र की वास्तव में अच्छी शुरुआत थी। मैं टीम की सफलता में योगदान देकर खुश हूं, खासकर जिस तरह से दक्षिण क्षेत्र ने सभी छह मैच जीतकर टूर्नामेंट जीता। फाइनल मेरे लिए एक बड़ा अवसर था।

## मैच के दौरान बाहर से कोचिंग नहीं करता:हॉकी कोच फुल्टन



**चेन्नई , 12 अगस्त 2023।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एशियाई चैम्पिंयस ट्राफी (एसीटी) के सेमीफाइनल में जापान पर मिली जीत के बाद कहा कि वह मैच के दौरान बाहर से खिलाड़ियों को निर्देश देना पसंद नहीं करते और ट्रेनिंग के दौरान ही खिलाड़ियों ही जानकारी देने को तरजीह देते हैं।

भारत ने शनिवार को यहां अंतिम चार में जापान को 5-0 से रौंद दिया और उसका सामना यहां खिताबी भिड़ंत के लिए मलेशिया से होगा।

जापान के खिलाफ बड़ी जीत के बाद फुल्टन ने कहा, मैं मैच के दौरान बाहर से ज्यादा कोचिंग नहीं देता लेकिन ट्रेनिंग के दौरान काफी कोचिंग देता हूं। क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान ही सिखाया जाता है। हो सकता है कि मैच के दौरान कुछ चीजें बदलनी हों लेकिन इस पर फैसला करना सीनियर खिलाड़ियों का ही काम है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी टीम में फुल्टन द्वारा लाये गये बदलावों की प्रशंसा की। उन्होंने शुक्रवार को मैच के बाद कहा, प्रत्येक कोच की मानसिकता अलग होती है। हमारे पहले के कोच काफी अच्छे रहे। यहां तक कि वह (फुल्टन) भी काफी अच्छे हैं। प्रत्येक कोच टीम की बेहतरी के बारे में सोचता है।

उन्होंने कहा, वह अच्छा काम कर रहे हैं। हमने अपनी टीम में काफी सरंचनात्मक बदलाव किये हैं और इतने कम समय में ये बदलाव लाना हमारे लिए काफी सकारात्मक चीज है। इसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है।

हरमनप्रीत ने साथ ही कहा कि फाइनल में सफलता के लिए रक्षात्मक पंक्ति का मजबूत रहना और मौकों को गोल में बदलना अहम होगा। उन्होंने कहा, फाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि है जो लीग मैचों की तुलना में पूरी तरह अलग होगा। हमारा प्रदर्शन अच्छा था और हम अपनी योजना के अनुसार खेले थे। हमने रणनीति के अनुसार मौके भी बनाये थे।



## प्रभास की फिल्म आदिपुरुष ने नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

रामायण पर आधारित फिल्म आदिपुरुष 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।फिल्म रिलीज होते ही इसके चरित्रों और संवादों पर बवाल खड़ा हो गया, जिसके चलते आदिपुरुष बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब आदिपुरुष एक नहीं, बल्कि 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी है। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।आदिपुरुष में प्रभास ने राम, कृति सैनन ने जानकी और सैफ अली खान ने रावण का किरदार निभाया है।

वैसे तो आम तौर पर किसी भी फिल्म को सिर्फ एक ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाता है, लेकिन आदिपुरुष के निर्माताओं ने फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर एक साथ रिलीज किया है।दरअलस, प्राइम वीडियो पर यह फिल्म तमिल, तेलुगू और कन्नड़ भाषा में उपलब्ध है, जबकि हिंदी दर्शक फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।600 करोड़ की लागत में बनी आदिपुरुष ने दुनियाभर में 450 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी।

## बिग बॉस ओटीटी 2 से चमक उठी मनीषा रानी की किस्मत,अब बॉलीवुड में मचाएंगी धमाल!



सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 2 में कदम रखने वाली मनीषा रानी देशभर के लोगों के दिलों में राज करने लगी हैं. मनीषा के स्टाइलिश लुक्स, बोलने का तरीका और कॉमिक अंदाज हर किसी का मन मोह लेता है. उन्होंने शो के अंदर रहते हुए काफी कम वक्त में एक बड़ा नाम हासिल कर लिया है.

मनीषा को पसंद करने वालों में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि कई हस्तियों के नाम भी शुमार हो चुके हैं. कभी टिक-टॉक वीडियोज बनाने वाली मनीषा रानी ने खुद भी नहीं सोचा होगा कि उन्हें कभी इतनी सफलता मिल पाएगी. खबरों की माने तो मनीषा को आज कई फिल्मों के लिए भी ऑफर्स दिए जा रहे हैं. कहा जा रहा है कि मनीषा को हाल ही में 5 फिल्मों के ऑफर्स मिल हैं.

हालांकि, फिलहाल इन फिल्मों को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना जरूर कह सकते हैं कि शो से बाहर आते ही मनीषा की झोली में कई प्रोजेक्ट्स होंगे. खबरों की माने तो मनीषा एक एनजीओ के लिए भी योगदान करती हैं.

मनीषा रानी अक्सर कहती हैं कि उन्हें बचपन से ही डांस और एक्टिंग करने का बहुत शौक है. इसी क्षेत्र में वह अपना करियर भी बनाना चाहती थीं. कहते हैं कि जब टिक-टॉक बंद हो गया तो मनीषा बिल्कुल टूट गई थीं. उन्हें ऐसा लगा कि उनके हाथ से एक प्लेटफॉर्म छिन गया और वह 5 दिनों तक बिना कुछ खाए-पिएं रोती रहीं. अब मनीषा के चाहने वाले उन्हें पर्दे पर एक नए अंदाज में देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं.

## रजनीकांत की जेलर इस साल पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई वाली तीसरी फिल्म बनी




सुपरस्टार रजनीकांत की जेलर ने 10 अगस्त को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटा दिया है। इस फिल्म को समीक्षकों के अलावा दर्शकों की ओर से भी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही है।जेलर का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार ने किया है। अब फिल्म के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जेलर ने रिलीज के पहले दिन 43.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म ने तमिल में 35.5 करोड़, तेलुगू में 7.55 करोड़ और हिंदी में 25 लाख रुपये कमाए। जेलर ने रिलीज होते ही कई रिकॉर्ड तोडे हैं। यह 2023 में तमिलनाडु में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। ओपनिंग के मामले में जेलर केरल में भी 2023 में सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म बन गई है। जेलर शाहरुख खान की पठान और प्रभास की आदिपुरुष के बाद 2023 की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली तीसरी फिल्म बनी है।जेलर में मोहनलाल, तमन्ना भाटिया, राम्या कृष्णन, योगी बाबू, विनायकन और वसंत रवि जैसे कलाकार भी हैं।यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि जेलर के जरिए रजनीकांत ने लगभग 2 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है और इस फिल्म में पहली बार मोहनलाल सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं।गौरतलब है कि रजनीकांत की जेलर का सामना अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 और सनी देओल की गदर 2 से हो रहा है।

## रॉकी और रानी... की कमाई जारी, अब गदर 2 और ओएमजी 2 से टक्कर



बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।दुनियाभर में फिल्म 300 करोड़ रुपये की कमाई की और बढ़ रही है, वहीं भारत में भी फिल्म 150 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो सकती है।हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म की कमाई की रफ्तार लगातार घटती जा रही है और अब इसकी मुश्किलें और भी बढ़ सकती हैं।रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने अपनी रिलीज के 14वें दिन 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका भारत में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 121.18 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में फिल्म ने लगभग 230 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे दिग्गज कलाकार भी हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। सनी देओल की गदर 2 और अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 ने 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। ऐसे में रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की कमाई की रफ्तार और धीमी हो सकती है।जहां गदर 2 साल 2001 में आई सुपरहिट फिल्म गदर का सीक्वल है तो वहीं ओह माय गॉड 2 2012 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म ओह माय गॉड का सीक्वल है।

# प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की सुनवाई शुरू होते ही लौटाया जाने लगा पैसा

» राज्य सरकार की मामले में बड़ी कामयाबी

» पहली बार किसी कंपनी ने बैंक के 28 लाख लौटाया




**रायपुर, 12 अगस्त 2023(ए)।** राज्य शासन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल के बाद चर्चित बैंक घोटाले का दबा पैसा लौटाया जाने लगा है। मामला कोर्ट में पहुंचते ही सालों पूर्व प्रियदर्शिनी बैंक की रकम दबाकर बैठे लोगों में खौफ़ है। बैंक का पैसा दबाये बैठी एक कंपनी ने प्रियदर्शिनी बैंक का सालों से दबाया साढ़े 28 लाख रुपये कोर्ट के मार्फ़त जमा कराया है। घोटाले के 16 साल बाद पहली दफा साढ़े 28 लाख रुपये का चेक नर्मदा इंफोटेक एंड विद्युत प्राइवेट लिमिटेड की ओर से रेज ऐरोज फाइनेंस एंड इंस्ट्रूमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने परिसमापननाधीन इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला नागरिक सहकारी बैंक के खाते में राशि जमा किया है। चेक किसी पवन कुमार गुप्ता रितु गुप्ता की ओर से जारी किया गया है।बैंक घोटाले की जांच आदेश के बाद यह पहला मौका है जो दम तोड़ चुके बैंक प्रबंधन को पैसे लौटाया है। इसे भूपेश सरकार की बड़ी सफलता कहा जा सकता है।

### सीएम ने कहा घोटालेबाज जेल जाएंगे

सीएम भूपेश ने ट्वीट कर कहा है बैंक घोटाला की जांच का प्रतिफल मिलने लगा है। बैंक खाते में साढ़े 28 लाख जमा हुए हैं। अभी सारा पैसा लौटेगा। घोटालेबाज जल्द जेल जाएंगे। और उन्हों ने जमा राशि की पावती भी शेयर की है।

### हितग्राहियों में उम्मीद जागी है

उप महाधिवक्ता संदीप दुबे के मुताबिक किसी कंपनी ने साढ़े 28 लाख लौटाये हैं। यह मामले में अच्छी शुरूआत मानी जा सकती है। इससे हितग्राहियों की उम्मीद जगी है कि धीरे धीरे उनके पैसे मिल जाएंगे। सभी हितग्राहियों की राशि लौटाने की दिशा में सरकार की ओर से भरसक प्रयास किया जा रहा है। बता दें उप महाधिवक्ता संदीप दुबे बैंक प्रकरण मे विशेष लोक अभियोजक भी हैं।



## वृद्धावस्था और विधवा पेंशन 350 से बढ़ाकर 500 रुपये की गई

### मंत्रालय से आदेश जारी

**रायपुर, 12 अगस्त 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नए बजट में निराश्रित, बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की थी. उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की मासिक पेंशन 350 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रति माह कर दी गई है। समाज कल्याण विभाग ने मंत्रालय से आदेश जारी किया। वर्तमान में 22.38 लाख से अधिक लोग विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सामाजिक सहायता कार्यक्रम की पेंशन योजना राशि में 1 जुलाई से बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अब 60 से 79 आयु वर्ग के लाभार्थियों को 500 रुपये की जगह 500 रुपये पेंशन मिलेगी। इस योजना में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लाभार्थियों को 650 रुपये की पेंशन मिलेगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 350 रुपये की जगह 500 रुपये पेंशन दी जाएगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना में 500 रुपये मिलेंगे। राज्य योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा योजना और मुख्यमंत्री पेंशन योजना में अब 350 रुपए की जगह 500 रुपए पेंशन दी जाएगी। कलेक्टर, जिला पंचायत और जनपद पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त और नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों के सीएमओ को किया गया है। नई दर पर पेंशन का नियमित भुगतान करने को कहा।

## शिक्षा निदेशालय ने छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध




» स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ रहे असर को देखते हुए उठाया गया कदम

**रायपुर, 12 अगस्त 2023(ए)।** मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल से बच्चों के स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने बड़ा कदम उठाया है. दिल्ली के स्कूलों में छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है।

शिक्षा निदेशालय ने मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है. इसके अनुसार, स्कूलों को छात्रों और अभिभावकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करना होगा, जिससे वे आपातस्थिति में बात कर सकेंगे. निदेशालय ने इसके साथ अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे सुनिश्चित करें कि उनका बच्चा स्कूल में मोबाइल लेकर न जाए.

एडवायजरी के अनुसार, अगर छात्र मोबाइल लेकर आता है तो स्कूल अधिकारी उसे लॉकर में रखने की व्यवस्था करेंगे, ताकि कक्षाएं समाप्त होने पर छात्र को लौटाया जा सके. शिक्षक और दूसरे कर्मी भी शिक्षण गतिविधियों के दौरान कक्षा, खेल के मैदान, प्रयोगशाला और पुस्तकालय में मोबाइल का इस्तेमाल करने से परहेज करें.




## बेहतर परफार्मेंस के लिए तीन पुलिस अफसर होंगे पुरस्कृत

**रायपुर, 12 अगस्त 2023(ए)।** एक्सीलेंड इन्वेस्टिगेशन करने वाले पुलिस अफ़सरों को मिलने वाला यूनियन होम मिनिस्टर मेडल से इस बार राज्य के तीन पुलिस अफ़सर नवाजे जाएंगे।

ये अवार्ड प्रतिवर्ष एक्सीलेंड इन्वेस्टिगेशन के लिए दिया जाता है। इस साल छत्तीसगढ़ में तीन पुलिस अफ़सरों को स्पेशल इन्वेसिटगेशन के लिए अवार्ड दिया जायेगा। इंस्पेक्टर आशीर्वाद राहटगांवकर, इंस्पेक्टर नीवन बोरकर के अलावे सब इंस्पेक्टर नीता राजपूत को होम मिनिस्टर मेडल से सम्मानित किया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ में प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की फीस में वृद्धि

» अब जेब पर बढ़ेगा और अतिरिक्त बोझ



**रायपुर, 12 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की फीस पांच प्रतिशत तक बढ़ा दी गई है। जारी फीस संरचना के अनुसार अब बीएड (बैचलर आफ एजुकेशन) की अधिकतम फीस 34,697 रुपये होगी। इसी तरह बीटेक (बैचलर आफ टेक्नालाजी) के लिए 40,200 और पी.एचडी (इंजीनियरिंग) की 35,000 रुपये अधिकतम और 26,500 रुपये न्यूनतम फीस निर्धारित की है। बी.एच.एम.एस (बैचलर आफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी) में अधिकतम 70,000 रुपये फीस प्रति वर्ष निर्धारित की है।

प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार शास्त्री से मिली जानकारी के अनुसार विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों फीस में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं की गई है। पूर्व में लगभग तीन से पांच वर्ष पूर्व इन शिक्षण संस्थाओं की फीस निर्धारित हुई थी, इतने वर्षों के बाद इस बार फीस में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अलग-अलग शिक्षण संस्थाओं की अलग-अलग फीस उनके मूल्यांकन के आधार पर समिति द्वारा निर्धारित की गई है। फीस के निर्धारण के समय पड़ोस के राज्यों की फीस, छत्तीसगढ़ राज्य की प्रति व्यक्ति आय आदि तथ्यों को ध्यान में रखते हुए समिति ने यह निर्णय लिया है।

प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति निर्धारित शुल्क में समस्त अन्य तथ्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें यूनिफार्म, आई.डी. कार्ड, लेबोरेटरी, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि मद में अतिरिक्त राशि शिक्षण संस्थाएं नहीं ले सकेंगी। केवल छात्रावास, वाहन सुविधा और मेस के लिए 'नो प्राफिट, नो लॉस' के आधार पर अतिरिक्त राशि ली जा सकती है। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित फीस इस प्रकार है- बी.एड.-अधिकतम फीस 34,697 रूपए, न्यूनतम फीस 31,670 रूपए प्रति वर्ष, एम.एड.-अधिकतम फीस 53,850 रूपए, न्यूनतम फीस 52,850 रूपए प्रति वर्ष, बी.पी.एड.-अधिकतम फीस 34,140 रूपए, न्यूनतम फीस 33,840 रूपए प्रति वर्ष, एमपीएड -अधिकतम फीस 46,500 रूपए प्रति वर्ष निर्धारित की गई है।

### प्रति सेमेस्टर फीस

बी.टेक-अधिकतम फीस 40,200 रूपए, न्यूनतम फीस 38,300 रूपए प्रति सेमेस्टर, एम.टेक- अधिकतम फीस 37,500 रूपए, न्यूनतम फीस 32,400 रूपए प्रति सेमेस्टर, एम.बी.ए.-अधिकतम फीस 34,500 रूपए, न्यूनतम फीस 33,750 रूपए प्रति सेमेस्टर निर्धारित की गई है। इसी तरह एम.सी.ए.- अधिकतम फीस 31,950 रूपए, डी. फार्मेसी- अधिकतम फीस 60,750 रूपए, न्यूनतम फीस 56,700 रूपए प्रति वर्ष, बी.फार्मेसी- अधिकतम फीस 39,600 रूपए, न्यूनतम फीस 35,150 रूपए प्रति सेमेस्टर, एम.फार्मेसी- अधिकतम फीस 60,300 रूपए, न्यूनतम फीस 56,070 रूपए प्रति सेमेस्टर, बी.एस.सी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक)- अधिकतम फीस 52,950 रूपए, न्यूनतम फीस 46,450 रूपए प्रति वर्ष, बी.एस.सी. नर्सिंग-अधिकतम फीस 63,900 रूपए, न्यूनतम फीस 58,022 रूपए प्रति वर्ष, एम.एस.सी नर्सिंग- अधिकतम फीस 95,200 रूपए, न्यूनतम फीस 92,111 रूपए प्रति वर्ष निर्धारित की है। पी.एच.डी (इंजीनियरिंग)- अधिकतम फीस 35,000 रूपए से 26,500 रूपए-प्रथम सेमेस्टर हेतु एवं द्वितीय सेमेस्टर से 20,000 रूपए से 17,000 रूपए, बी.एच.एम.एस.- अधिकतम फीस 70,000 रूपए प्रति वर्ष निर्धारित की गई है।

## सप्तगिरी शंकर ने कहा- नेताओं का टिकट तय



**रायपुर, 12 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में इसी साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने वाला है। सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं राष्ट्रीय नेताओं का प्रदेश दौरा भी जारी है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और प्रदेश प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का शनिवार को राजधानी रायपुर पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के टिकट कटने को लेकर कहा कि, नेताओं का टिकट लगभग तय है। बड़े चेहरे को मौका देंगे। हम चाहते हैं फिर वो जीत कर आए, जो अच्छा काम किया है उसे टिकट मिलेगा। जो फील्ड में रहे हैं लोगों से जुड़े रहे हैं उनकी टिकट लगभग तय है। फाइनली हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष बैठक लेंगे। राहुल जी से चर्चा करेंगे, फिर डिसाइड होगा, अभी टिकट के लिए चर्चा नहीं हुई है।

सप्तगिरि शंकर ने कहा कि, इस बार 75 का जो लक्ष्य है उसको भी पार करेंगे, ऐसी आशा है।

## अरविंद नेताम करेंगे नई पार्टी का गठन!



**रायपुर, 12 अगस्त 2023 (ए)।** राज्य के कांग्रेस नेतृत्व से उपेक्षा का आरोप लगाकर कांग्रेस सदस्यता छोड़ने वाले वरिष्ठ आदिवासी नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविचार नेताम द्वारा नई पार्टी का गठन किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि श्री नेताम जल्द ही अपनी पार्टी का नाम सार्वजनिक करेंगे।

राजनीति के जानकारों की माने तो श्री नेताम ने अपने करीबियों से सलाह लेकर नई पार्टी बनाने का पूरा मन बना लिया है। राज्य में होने वाले चुनाव में वे पहले ही सर्वआदिवासी समाज के साथ मिलकर करीब 50 सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत दे चुके हैं। दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि श्री नेताम प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के साथ ही अन्य दलों के संपर्क में हैं और इन दलों के साथ संभवतः गठबंधन कर कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए चंद महीनों का समय शेष रह गया है। ऐसे में यदि छत्तीसगढ़ के अंदर राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलता है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। बहरहाल अब देखने वाली बात है कि कांग्रेस छोड़ने के बाद श्री नेताम का आने वाले विधानसभा चुनाव में क्या रूख रहेगा।

## लाड़ली बहना के सहारे भाजपा, तो महिलाओं को रिझाने में कांग्रेस भीं पीछे नहीं

» प्रदेश में अब राजनैतिक जमावट शुरू हो चुकी है जिसके तहत अब टिकट दिया जाए या नहीं के सांगठनिक सर्वे के बाद अब टिकट मिलेगा या नहीं को लेकर व्यक्तिगत सर्वे का दौर अनूपपुर में शुरू है...

» मतदाताओं के फैसले से जनता का मिजाज भांपने के लिए हर स्तर पर कोशिशें तेज हो गई है, फिर बात चाहे विधायक की हो या टिकट के दूसरे दावेदारों की...

» वहीं सभी दावेदारों ने क्षेत्र में भ्रमण तेज कर दिया है जिससे माननीयों के माथे पर बल पड़ना लामी है...

» फिलहाल शिवराज के दौरे ने भाजपा के दावेदारों के साथ-साथ कांग्रेस को भी जनता के बीच जाने को मजबूर कर दिया है...

### टिकट मिलेगा या नहीं को लेकर सर्वे का दौर शुरू, दावेदार भांप रहे जनता का मिजाज



-अरविंद द्विवेदी-

**अनूपपुर, 12 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।** चुनावी मैदान में उतरने से पहले सभी दावेदार मतदाता का मिजाज भांपने व्यक्तिगत स्तर पर अपना निजी और एकल सर्वे करवा रहे हैं। कुछ तो इसलिए सर्वे करा रहे हैं ताकि अगर परिस्थितियां अनुकूल नहीं निकली तो क्यों व्यर्थ में टिकट के लिए भोपाल और दिल्ली की दौड़ लगा कर, जेब का लाखों रुपया फूंका जाए। वहीं मौजूदा विधायक इसलिए अपना निजी सर्वे करा रहे हैं क्योंकि पार्टी स्तर पर हुए सर्वे के फीडबैक ने उन्हें टिकट की दौड़ में पीछे धकेल दिया है। अब समस्या तो उन विधायकों के सामने खड़ी हो गई है जिनकी निजी एकल सर्वे में भी रिपोर्ट निगेटिव निकली। अब माननीयों की चिंता बढ़ गई है और वे सर्वे में सामने आई कमियों को दूर करने के जतन में लगे हैं। साथ ही वे दोबारा सर्वे कराने के मूड में भी हैं ताकि जनता के बीच स्थिति में सुधार हुआ या नहीं, ये जाना जा सके।

### महिला मतदाता निभाएंगी निर्णायक की भूमिका

प्रदेश सरकार द्वारा 10 जून से लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों के खाते में पैसा डाला जा रहा है। इस मुद्दे को भुनाने में भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है, वही केंद्र सरकार द्वारा शिवराज को फ्री हैंड क्षेत्र में चुनावी माहौल बनाने के लिए कह दिया गया है जिसकी बानगी अब दिखाई भी देने लगी है। भाजपा इस बार लाडली बहना के सहारे सत्ता में वापिसी करना चाह रही है जिसके लिए प्रयास भी भरपूर किए जा रहे हैं। वही दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने भी सत्ता में आने पर बहनों को हर माह 15 सौ रुपए देने की बात कही है। जाहिर है इसका असर टिकट पर भी पड़ेगा क्योंकि दोनों ही पार्टियों की तैयारी यह भी है कि जहाँ महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभाती है, वहां मैदान में महिलाओं को उतारा जाए।

### राजनीतिक उठा-पटक के लिए मशहूर अनुपपुर

अनिश्चितता की धुंध में समाए होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए घर-घर दस्तक दे रही कांग्रेस अनुपपुर विधानसभा सीट के लिए क्या पालिटिकल स्टेटजी अपनाएगी, इसको लेकर चर्चाओं का दौर अभी से शुरू हो गया है। राजनीतिक उठा-पटक के लिए मशहूर अनुपपुर विधानसभा सीट से यूं तो कांग्रेस के कई नेता चुनावी मैदान में लड़ाका के तौर पर चुनावी किला लड़ाने के लिए तैयार हैं। लेकिन इनमें से पार्टी प्रबंधन को कौन प्रभावित कर पाता है यह देखना दिलचस्प होगा। कभी कांग्रेस के लिए बेहद सशक्त मानी जाने वाली इस सीट का समीकरण बिसाहुलाल ने बिगाड़ दिया है जिसे दुरुस्त करने की कवायद कांग्रेस कर रही है। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा में जाति और समाज का गणित भी देखा जा रहा है जिससे सर्वसम्मति से उम्मीदवार का नाम तय किया जा सके।

### दोनों दलों के दावेदार हैं पूरे दम-खम से तैयार

अनुपपुर में कांग्रेस का कारवां बढ़ाने के लिए कई नेता अपना दावा जता रहे हैं। इनमें से कांग्रेस के नए नवेले नेता रमेश सिंह तो हैं हीं, साथ ही सौम्य राजनीति का चेहरा माने जाने वाले विश्वनाथ भी है। यहां युवा चेहरों के तौर पर राजीव सिंह का नाम भी है जो अनुपपुर में कांग्रेस की नैया खेने के लिए तैयार हो रहे हैं। वही अनुपपुर सीट पर भाजपा से बात करे तो वर्तमान विधायक व मंत्री बिसाहूलाल सिंह पहले ही चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। इसके इतर पूर्व विधायक रामलाल भी लगातार क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं।इन सबसे जुदा बीते दिनों जिला अध्यक्ष रामदास पुरी की हवाई यात्रा ने दोनो दावेदारों की नींद उड़ा दी है। पिछले कई वर्षों से बिना पादुका के आगे बढ़ रहे रामदास को हो सकता है इस बार संगठन आगे कर इस रण को भेदने का प्रयास करे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स, नमनाकला, संत हरकेवल विद्यापीठ के पास, अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050, मो. 94062-23001, 98265-32611, Email:ghatatighatana11@gmail.com, Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)